दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 196 | जयपुर, सोमवार, 26 जून, 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### 13 शहरों में किए जाएंगे ग्रीन लंग्स विकसित



**जयपुर।** प्रदेश के 13 शहरों के आसपास वन क्षेत्रों में ग्रीन लंग्स विकसित किए जाएंगे। इससे इन शहरों में आमजन को शुद्ध वातावरण एवं हरियाली मिलेगी और पर्यावरण संरक्षण भी हो सकेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को 19 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इधर ग्रीन लंग्स विकसित की जाने वाले जगहों में अलवर के मूंगस्का, चूरू के राजगढ़, चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़, राजसमंद के नाथद्वारा व गणेश टेकड़ी एवं उदयपुर के रिसाला में 2-2 करोड़ रुपए तथा बारां के खैरखेड़ी, बांसवाड़ा के श्यामपुरा, चित्तौड़गढ़ के किला ब्लॉक, दौसा के नीलकंठ महादेव, जयपुर के कानोता बांध, राजसमंद के बांदरिया मगरा एवं टोंक के कच्चा बांध क्षेत्र में 1-1 करोड़ रुपए की लागत से वन क्षेत्रों का विकास कर आमजन के लिए खोला जाएगा।

### 2000 के दो तिहाई से ज्यादा नोट बैंकों में जमा




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि चलन में मौजूद 2,000 रुपए के नोट वापस लेने के निर्णय के एक महीने के भीतर कुल 3.62 लाख करोड़ रुपए में से दो तिहाई से ज्यादा (2.41 लाख करोड़ रुपए से अधिक) नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई को अचानक से 2,000 रुपए के नोट को वापस लेने का निर्णय किया था। लोगों से बैंक जाकर 30 सितंबर तक 2,000 रुपएके नोट अपने खातों में जमा करने या दूसरे मूल्य के नोट से बदलने को कहा गया है। मूल्य के हिसाब से मार्च 2023 में कुल 3.62 लाख करोड़ के नोट 2,000 रुपये के थे। चलन में मौजूद 2,000 रुपए के नोट वापस लेने के निर्णय के बाद कुल 3.62 लाख करोड़ रुपये में से दो तिहाई से ज्यादा यानी 2.41 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बैंकों में वापस आ चुके हैं। मोटे तौर पर 2000 के लगभग 85 प्रतिशत नोट बैंक खातों में जमा के रूप में आए हैं।

## प्रदेश में मानसून ने झालावाड़ और भरतपुर के रास्ते किया प्रवेश

# इंतजार खत्म... लो आ गया खुशियों का मानसून

### पहले ही दिन प्रदेश के 10 जिले हुए तरबतर

**बेधड़क** | जयपुर

मानसून का इंतजार कर रहे प्रदेशवासियों के लिए रविवार का दिन खुशखबरी लेकर आया है। राज्य के कोटा और भरतपुर संभाग में राहत की बारिश होते ही मौसम विभाग ने मानसून के प्रवेश की औपचारिक घोषणा कर दी। हालांकि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मानसून जुलाई के पहले सप्ताह में आने का अंदेशा था, लेकिन बंगाल की खाड़ी से चली हवाओं ने नियत समय पर इसकी एंट्री करा दी। मानसून के पहले ही दिन कोटा, बारां, झालावाड़, बूंदी, भरतपुर, और करौली को तरबतर कर दिया।

वहीं प्रदेश में दो अलग-अलग जगहों पर रविवार को बिजली गिरने से तीन की मौत हो गई। इनमें बारां जिले में रविवार को हो रही बारिश के दौरान छबड़ा तहसील के पटपड़ी गांव में खेत पर काम कर रहे 2 चचेरे भाइयों पर बिजली गिर गई, इससे दोनों की मौत हो गई। इसके अलावा चित्तौड़गढ़ के भोईखेडा क्षेत्र में भी बिजली गिरने से दस वर्षीय राधा की मौत हो गई।

#### किसानों के चेहरे पर खुशी

मानसून की एंट्री के साथ ही किसानों के चेहरों पर खुशी हैं। रविवार को प्रदेश के भरतपुर संभाग और कोटा संभाग में कई इलाकों में बारिश होने के बाद खरीफ की फसल की बुवाई शुरू हो गई। खरीफ की फसलों में बाजरा, मूंगफली, ज्वार, मक्का और मूंग की सबसे ज्यादा पैदावार होती है।

#### आज से भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मानसून की शुरुआत में सोमवार से 28 जून तक प्रदेशभर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। इसके साथ ही दक्षिणी राजस्थान के 8 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़ और उदयपुर शामिल हैं, जबकि पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर, नागौर, पाली और श्रीगंगानगर को कुछ दिन बारिश का इंतजार करना पड़ सकता है। शेष जिलों में मानसून जुलाई के पहले सप्ताह में गति पकड़ लेगा।

#### कोटा में सबसे ज्यादा बरसात, जयपुर में बूंदाबांदी

मानसून की दस्तक के बाद प्रदेश में एक दर्जन से भी अधिक जगहों पर बारिश हुई। राजधानी जयपुर में भी दिनभर मौसम सुहाना रहा और दिन में कई बार हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार सर्वाधिक बारिश कोटा में 74 एमएम के अलावा झुंझुनूं के पिलानी में 65 एमएम, अजमेर में 44 एमएम, बूंदी में 23 एमएम, चूरू में 21 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।




फोटो: पंकज शर्मा

### 62 साल बाद दिल्ली-मुंबई में एक साथ मानसून की एंट्री

**एजेंसी** | नई दिल्ली/मुंबई

दिल्ली और मुंबई, दोनों जगह रविवार को मानसून के आगमन के साथ इसकी पहली बारिश हुई और इस तरह का दुर्लभ संयोग 62 साल पहले 21 जून 1961 को देखने को मिला था, जब दोनों महानगरों में एकसाथ मानसून का आगमन हुआ था। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में मानसून अपने तय समय से दो दिन पहले पहुंच गया, जबकि मुंबई में यह दो हफ्ते की देरी से पहुंचा। आईएमडी के एक वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डीएस पाई ने कहा कि 21 जून 1961 के बाद से यह पहली बार है, जब मानसून दिल्ली और मुंबई दोनों जगह एकसाथ पहुंचा है।

## पीएम मोदी मिस्र के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' से सम्मानित

**एजेंसी** | काहिरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने देश के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' से सम्मानित किया। यह सम्मान उन राष्ट्राध्यक्षों, राजकुमारों और उपराष्ट्रपतियों को दिया जाता है, जिन्होंने मिस्र या मानवता की अमूल्य सेवा की हो। विभिन्न राष्ट्रों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया यह 13वां सर्वोच्च राजकीय सम्मान है।

मोदी ने अंग्रेजी और अरबी भाषा में ट्वीट किया, बेहद विनम्रता के साथ मैं 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' स्वीकार करता हूं। मैं इस सम्मान के लिए मिस्र सरकार और यहां के लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह भारत और हमारे देश के लोगों के प्रति उनकी गर्मजोशी और स्नेह को दर्शाता है।'ऑर्डर ऑफ द नाइल' शुद्ध सोने से बना होता है, जिसमें वर्गाकार सोने की तीन इकाइयां शामिल हैं, जिनमें मिस्र पर शासन करने वाले बादशाह फिरौन (फराओ) के प्रतीक शामिल हैं। पहली इकाई राष्ट्र को बुराइयों से बचाने का विचार पेश करती है, जबकि दूसरी इकाई नील नदी द्वारा लाई गई समृद्धि एवं खुशी का प्रतीक है और तीसरी इकाई धन एवं सहनशीलता को संदर्भित करती है। ये तीनों इकाइयां एक-दूसरे से सोने से बने गोलाकार फूलों से जुड़ी होती हैं, जिसमें फिरोजा और रूबी रत्न जड़े होते हैं।

■ पेज 8 भी देखें



## CM ने किया परियोजनाओं का निरीक्षण: केंद्रीय योजनाओं पर बोले...

# 50-50% कर दी हिस्सेदारी अब किससे करें शिकायत

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आईपीडी टावर में कुछ पैसा स्मार्ट सिटी का भी है, लेकिन उससे कुछ नहीं होता। केंद्र सरकार अगर कुछ पब्लिक इंटरेस्ट में राज्यों के लिए योजनाएं लेकर आती हैं तो हम उसका स्वागत करते हैं।

गहलोत ने कहा कि देशभर में राजस्थान में ही 24 मंजिला आईपीडी टावर बनाया जा रहा है, जहां हेलिकॉप्टर लैंडिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका कार्य अक्टूबर-नवम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर वन बन रहा है। आईपीडी टावर बनना ऐतिहासिक कार्य है।

स्वास्थ्य का अधिकार (राइट टू हेल्थ) कानून पारित करने वाला राजस्थान एकमात्र राज्य है। जयपुर की विभिन्न परियोजनाओं के निरीक्षण के बाद गहलोत ने मीडिया से कहा कि आईपीडी टावर पर होने वाले खर्चे का केंद्र सरकार हिसाब-किताब हमसे कर ले।

सीएम गहलोत ने कहा कि जल जीवन मिशन में केंद्र सरकार द्वारा 90% और राज्य सरकार द्वारा 10% दिया जाना चाहिए, लेकिन अब दोनों का 50-50% कर दिया गया है। अब इसकी शिकायत किसको करें।



#### गोविंद के दरबार में पहुंचे गहलोत

मुख्यमंत्री ने जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर पहुंचकर जयकारों के बीच पूजा-अर्चना कर मानव कल्याण और प्रदेश में खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी संवाद करते हुए हाथ जोड़कर उनका अभिनंदन स्वीकार किया। गहलोत ने कहा कि काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर यहां भी 100 करोड़ रुपए की लागत से भव्य कॉरिडोर व अन्य विकास कार्य होंगे।

## पुलिस का एक्शन: एक साथ छापामारी कर 10 हजार से ज्यादा बदमाश पकड़े

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत डीजी पुलिस उमेश मिश्रा के निर्देश पर संगठित, हार्डकोर, वांछित सक्रिय अपराधियों और असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए रविवार को प्रदेश में पुलिस की टीमों ने अपराधियों पर व्रज प्रहार किया। इसमें 40 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने अलसुबह ही बदमाशों के अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस अभियान में कुल 10 हजार से ज्यादा बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।



एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि जयपुर में 5 हजार 950 स्थानों पर एक साथ दबिश देकर अपराधियों के ठिकानों की गहन तलाशी ली गई। इस कार्रवाई में 931 अभियुक्त पूछताछ के लिए थानों पर लाए गए। इनमें से 733 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अलग-अलग एक्ट के तहत करीब 120 प्रकरण दर्ज किए हैं। कुछ बदमाशों को पुराने प्रकरण में गिरफ्तार किए हैं। जिनमें वो वांछित चल रहे थे।

### पशुपतिनाथ मंदिर से 10 किलो सोना गायब, जांच शुरू



**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में 100 किलोग्राम के आभूषणों में से 10 किलोग्राम सोना गायब होने संबंधी रिपोर्ट की जांच के लिए भ्रष्टाचार रोधी निकाय ने मंदिर परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया है। इसके चलते रविवार को इसे श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया। पशुपतिनाथ मंदिर काठमांडू में सबसे पुराना हिंदू मंदिर है। दस किलोग्राम सोना गायब होने की रिपोर्ट के बाद संसद में सवाल उठाए जाने पर सरकार ने अधिकारों के दुरुपयोग की जांच से जुड़े एक आयोग (सीआईएए) को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। पशुपति क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने दावा किया कि उसने जलाहारी बनाने के लिए 103 किलोग्राम सोना खरीदा था लेकिन आभूषण से 10 किलोग्राम सोना गायब था।

## सांभर-फुलेरा को जिला बनाने पर भड़का आंदोलन

# प्रदर्शनकारियों का हाईवे जाम, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा

- प्रदेश में नए जिलों की मांग को लेकर बढ़ता जा रहा है विवाद
- पुलिस और प्रदर्शनकारी हुए आमने-सामने
- पुलिस के बल प्रयोग करने से कई लोग हुए घायल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नए जिले बनाने की घोषणा के बाद से इसके पक्ष और विपक्ष में आ रही प्रतिक्रिया अब आंदोलन में बदल गई है।

प्रदेश में नए जिलों को लेकर विवाद फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा है। इसी को लेकर रविवार को सांभर-फुलेरा को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन उग्र हो गया। इसमें पुलिस और प्रदर्शनकारी आमने-सामने हो गए। प्रदर्शनकारियों ने हाईवे तक जाम कर दिया। इस पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर इन्हें खदेड़ दिया।



इसमें कई लोगों चोटिल हो गए। वहीं आंदोलन का नेतृत्व कर रहे विद्याधर चौधरी और दीनदयाल कुमावत सहित अन्य समर्थकों को हिरासत में ले लिया गया।

#### सभा के बाद किया कूच

आंदोलन के तहत रविवार को सांभर के पृथ्वीराज सर्किल पर सभा हुई। वक्ताओं ने सांभर-फुलेरा को जिला बनाने की मांग रखी। इसके बाद हजारों लोगों ने मोखमपुरा में राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम करने के लिए सांभर से कूच किया। इस दौरान जयपुर ग्रामीण एसपी डॉ.राजीव पचार और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी वहां डेरा डाल लिया। आसपास के मुख्य रास्तों को पुलिस ने बैरिकेडिंग व बल्लियां लगाकर बंद कर रखा था, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से धक्का मुक्की कर बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और सांभर से मोखमपुरा के लिए कूच कर दिया। फुलेरा से आगे निकलते ही इन लोगों को पुलिस ने रोक लिया। प्रदर्शनकारी वाहनों को वहीं छोड़कर पैदल आगे बढ़ गए, लेकिन एक बार फिर आकोदा गांव में पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को रोक लिया और पुलिस ने इन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम नहीं करने दिया तो लोग आकोदा में पड़ाव डालकर बैठ गए।

#### खेतों के रास्ते पहुंचे सावरदा, पुलिस पर किया पथराव

पुलिस ने आकोदा में प्रदर्शनकारियों को रोका तो कुछ तो वहीं पड़ाव पर बैठ गए। कुछ लोग खेतों के रास्ते राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ बढ़ गए। जहां पर पहुंचे प्रदर्शनकारियों और झाड़ियां, लकड़ियां रखकर सावरदा हाईवे पर जाम लगा दिया। इस पर पुलिस को बल प्रयोग कर लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। लाठीचार्ज में कई लोगों के चोट आई। प्रदर्शनकारी नहीं माने तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों की ओर से भी पथराव किया गया। इसके बाद पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इसके बाद भीड़ को खदेड़ कर प्रमुख नेताओं को हिरासत में लेकर कालवाड़ थाने लाकर छोड़ा गया।

## जरूरी खबर

### पुस्तकालयों के लिए 8.98 करोड़ रुपए स्वीकृत



**जयपुर**। प्रदेश के 14 हजार 970 महात्मा गांधी पुस्तकालयों और वाचनालयों में समाचार पत्र-पत्रिका उपलब्ध कराने के लिए 8.98 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए स्वीकृति दी हैं। इससे आमजन समाचार पत्र-पत्रिकाओं का निःशुल्क अध्ययन कर सकेंगे। इससे विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपने सामान्य ज्ञान व समसामयिकी को सुदृढ़ कर सकेंगे और जन सामान्य में पढ़ने की रुचि विकसित हो सकेगी। इसके साथ ही पुस्तकालय-वाचनालय में पाठक महात्मा गांधी के पर उपलब्ध साहित्य और अन्य अध्ययन सामग्री का अध्ययन कर गांधी दर्शन से जुड़ सकेंगे।

### कतिन व बुनकरों को खादी ग्रामोद्योग से मिलेगा प्रशिक्षण

**जयपुर**। प्रदेश के कतिन और बुनकरों को खादी ग्रामोद्योग संबंधित प्रशिक्षण खादी प्रशिक्षण केन्द्रों पर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इन प्रशिक्षण कार्यों में 3.88 करोड़ रुपए व्यय होंगे। खादी बोर्ड द्वारा कोटा, जोधपुर, भरतपुर, बीकानेर, अजमेर, पुष्कर, जयपुर सांगानेर और सिरोही, माउंट आबू में प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हैं। इन केन्द्रों पर कतिन और बुनकरों को प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। उन्हें खादी डिजाइन, चरखा, कर्घा, लूम्स आदि सरजाम रिपेयरिंग सर्विस व रख-रखाव, सूती ऊनी एवं पोली खादी वस्त्रों पर कशीदाकारी, दरीपट्टी निर्माण, वस्त्र एम्ब्रोईडरी कोर्स, पैकिंग हार्ड बोर्ड, मिठाई के डिब्बे निर्माण सहित कई कार्यों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### पशु चिकित्सालयों में अब सोनोग्राफी व एक्स-रे मशीन



**जयपुर**। प्रदेश के सरकारी पशु चिकित्सालयों में अलग-अलग चिकित्सकीय उपकरण और मशीनें लगाई जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 4.80 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। गहलोत की इस स्वीकृति से चिकित्सालयों में सोनोग्राफी मशीन, एक्स-रे मशीन व ट्रेविस आदि उपकरण क्रय किए जाएंगे। इन मशीनों के लगने से पशुपालकों को स्थानीय स्तर पर ही विभिन्न उपचार एवं अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

## राजपूत समाज प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात, आरटीडीसी चेयरमैन ने कहा- संरक्षित हो रहा इतिहास

# गरीबों के उत्थान को केन्द्र में रखकर ले रहे सभी फैसले: CM

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से रविवार को विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इसमें यादव समाज के प्रतिनिधियों की ओर से की जा रही सेना में अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग का मुख्यमंत्री ने समर्थन किया। इसके लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखने का मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया।

वहीं राजपूत समाज ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। वहीं सरकार की ओर से सभी फैसले प्रदेश के विकास एवं गरीबों के



उत्थान को केन्द्र में रखकर लिए जा रहे हैं।

प्रदेश में महाराणा प्रताप, वीर दुर्गादास एवं राणा हमीर के पैनोरमा के निर्माण, 75 करोड़ की लागत से शहीद मेजर शैतान सिंह की स्मृति में म्यूजियम बनाने, अचल संपत्ति के प्रावधान का विलोपन कर आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण, ईडब्ल्यूएस श्रेणी के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन शुल्क के अलावा अधिकतम आयु में छूट देने जैसे निर्णय लिए गए हैं। राजपूत समाज प्रतिनिधिमंडल वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड के गठन के लिए सीएम गहलोत को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंचा था।

इधर आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से आमजन को राहत दी जा रही है।

इसके अलावा लोकतांत्रिक संस्थाओं में समाज का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। वहीं वीर योद्धाओं के पैनोरमा का निर्माण कर प्रदेश का गौरवशाली इतिहास संरक्षित किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला पहला राज्य

सीएम गहलोत ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों के लिए ओपीएस एवं आरजीएचएस जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। कानून बनाकर स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला राजस्थान पहला राज्य है। केंद्र सरकार को भी कानून बनाकर स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा का अधिकार देने तथा ओपीएस लागू करने जैसे निर्णय लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 303 नए कॉलेज, हर जिले में मेडिकल कॉलेज तथा प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाएं खुलने से शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

### सेना में हो अहीर रेजिमेंट का गठन



रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री से यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल की मांग पर गहलोत ने श्रीकृष्ण बोर्ड के गठन की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने साथ ही सेना में अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग का समर्थन करते हुए इसके लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखने की भी घोषणा की। पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल मिलने पहुंचा था।

## भाजपा की ओर से आपातकाल दिवस पर 'प्रबुद्ध जन सम्मेलन' आयोजित

# आपातकाल का काला दिन बीता नहीं बदली कांग्रेस की मानसिकता

### केन्द्रीय मंत्री गोयल ने कहा- सत्ता का लालच इस पार्टी की विशेषता

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार की तरफ से आपातकाल लगाए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि 'सत्ता का लालच' कांग्रेस पार्टी की विशेषता है।

गोयल ने यहां आपातकाल दिवस पर 'प्रबुद्ध जन सम्मेलन' में कहा कि आपातकाल केवल इसलिए लगाया गया क्योंकि अदालत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को भ्रष्ट सरकार घोषित कर दिया था और कहा था कि वह छह साल तक कोई पद नहीं संभाल सकतीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आए बिना नहीं रह सकती। सत्ता में आने का लालच पार्टी की विशेषता है। गोयल रविवार को केंद्र में भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के लिए पार्टी के अभियान के तहत यहां पहुंचे थे।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने देश में आपातकाल के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि आज का दिन स्वतंत्र भारत के लिए 'काला दिन' है। 25 जून, 1975 को



### राजस्थान गहलोत के कारण फिसड्डी

केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इसका भ्रष्टाचार दिन-ब-दिन उजागर हो रहा है। उन्होंने गहलोत पर राज्य को विकास से वंचित रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार के मंत्री और विधायक जानते हैं कि उनके पास थोड़ा समय बचा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादे अभी तक पूरे नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मैं राजस्थान को फिसड्डी राज्य बनाने के लिए अशोक गहलोत को पूरी तरह से दोषी मानता हूं।

### देश में मीडिया सवाल पूछने के लिए स्वतंत्र

जब उनसे कांग्रेस के उस आरोप के बारे में पूछा गया जिसमें कहा गया है कि जो भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करता है उसे जेल में डाल दिया जाता है या उसकी आवाज दबा दी जाती है और देश में अघोषित आपातकाल है। इसके जवाब में गोयल ने कहा कि मीडिया सवाल पूछने के लिए स्वतंत्र है, चुनाव पारदर्शी तरीके से समयबद्ध ओर तय समय में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल हर पार्टी चुनाव हार रही है और जीत रही है, लेकिन आपातकाल में चुनाव स्थगित कर दिए गए था तथा सांसदों को संसद में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

कांग्रेस सरकार ने आपातकाल की घोषणा कर दी और 1.40 करोड़ से अधिक लोगों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए जेल में डाल दिया गया। उस दौरान अल्पसंख्यकों के घरों के अलावा आजादी और लोकतंत्र को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि देश के लोगों की जबरन नसबंदी की गई।

गांधी परिवार की सत्ता लोलुपता की मानसिकता कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के एक टीवी इंटरव्यू में दिए गए बयान से भी झलकती है।

इसमें उन्होंने कहा था कि देश में गांधी परिवार के लिए अलग कानून होना चाहिए। गोयल ने कहा कि न तो राहुल गांधी न ही मल्लिकार्जुन खरगे या सोनिया गांधी ने तिवारी के बयान का खंडन किया, जो कांग्रेस पार्टी की सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि इस देश की 140 करोड़ जनता इस बात को स्वीकार नहीं करेगी।

## विधायकों को बताया लापता

# जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के एमआई रोड पर रविवार को अनोखा प्रदर्शन किया गया। इसमें मुस्लिम परिषद संस्थान की ओर से अपनी ही कौम के मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

यह प्रदर्शन अल्पसंख्यक बालक छात्रावास निर्माण और नवाब कल्लन बाग की वक्फ संपत्ति समेत मुस्लिम समाज के मामलों में विधायकों की चुप्पी और समाज से दूरी को लेकर किया गया। इस पूरे मामले को लेकर मुस्लिम विधायकों के लापता होने के बैनर भी चस्पा किए गए। प्रदर्शन के बाद सामूहिक दुआ का आयोजन भी किया गया।

इस दुआ में विधायकों और मंत्रियों की सदबुद्धि के लिए दुआ मांगी गई। प्रदर्शन कर रहे अलग-अलग मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि विधायक नहीं जागे तो ईद उल जुहा के दिन 3 जुलाई को जिंदा विधायकों का जमीर मरने की कुरानख्वानी की जाएगी और 4 जुलाई को सोयम की फातेहा का आयोजन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारियों सहित अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।

वहीं विधायकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इस प्रदर्शन में राजस्थान सरकार में अल्पसंख्यक मंत्री सालेह मोहम्मद, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, अल्पसंख्यक आयोग चेयरमैन और विधायक रफीक खान, हज कमेटी अध्यक्ष और किशनपोल विधानसभा से विधायक अमीन कागजी, विधायक दानिश अबरार, हाकम अली, सफिया जुबेर, वाजिब अली, अमीन कागजी के लापता होने के बैनर लगाए गए।

## आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर बोला हमला

# कांग्रेस नेता आपसी बयानबाजी में व्यस्त, प्रदेश हो रहा बेहाल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भ्रष्टाचार ने गहरी जड़ें जमा रखी हैं, लूट, हत्या,रेप जैसी आपराधिक घटनाएं सामान्य हो गई हैं। लेकिन गहलोत सरकार के मंत्री आपसी टांग- खिंचाई और बयानबाजी में ही उलझे हुए हैं और सीएम अपने चुनावी दौरों में व्यस्त हैं।

ये बात आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने रविवार को कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता जनता के मुद्दे को उठाने के बजाय अपने ही मंत्रियों औऱ विधायकों पर सवाल उठा रहे हैं, एक दूसरे को नीचा दिखाने में व्यस्त है।

पालीवाल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को आपसी खींचतान की वजह से प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अभी तक खाजूवाला मामला पूरी तरह से निपटा भी नहीं था कि जयपुर में भी एक युवती ने पड़ोसी से परेशान होकर सुसाइड कर लिया।

इतना ही नहीं पूरे प्रदेश में अपराधी खुलेआम किसी भी घटना को अंजाम देने से बिल्कुल नहीं चूकते। उन्होंने बीजेपी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी विपक्ष की भूमिका भूलकर बिना लीडरशिप की पार्टी बनकर रह गई।

## बिना शर्त ओपीएस की मांग को लेकर करेंगे सीएमआर का घेराव

# अंशदान जमा कराने की शर्त का विरोध

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ देने को लेकर पेंच फंस गया। गौरतलब हैं कि बजट 2022 में 1 जनवरी 2004 के बाद लगे हुए राज्य के सभी कर्मचारियों को ओपीएस लागू करने का मुख्यमंत्री गहलोत ने फैसला लिया था, लेकिन प्रदेश के राजकीय स्वायत्तशासी विश्वविद्यालयों, ऑटोनोमस बॉडी के शिक्षकों और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने में सौतेला व्यवहार किया गया हैं। ऑटोनोमस बॉडी के एनपीएस सब्सक्राइबर कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ लेने के लिए नए नियम से विवाद बढ़ता जा रहा हैं। वहीं दूसरी तरफ राज्य कर्मचारियों को बिना किसी शर्त के ओपीएस के दायरे में ले लिया गया हैं। कर्मचारियों का कहना हैं कि एनपीएस में जमा पैसा राज्य सरकार, केंद्र सरकार से नहीं ले पाई तो कर्मचारी केंद्र से पैसा कैसे लेंगे?

इसमें विवाद के जो बिंदू हैं उनमें पेंशन निधि के गठन के उपरांत प्राप्त राशि और नियोक्ता अंशदान व ब्याज से जमा होने वाली राशि से ही पेंशन परिलाभों का भुगतान होगा। वहीं पेंशन परिलाभों के भुगतान को लेकर राज्य सरकार का कोई दायित्व नहीं होगा।

### 4 जुलाई को निकालेंगे महारैली

संयुक्त मोर्चा पुरानी पेंशन संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने कहा कि मांगो को लेकर कर्मचारी 4 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए महारैली का आयोजन करेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा नियोक्ता अनुदान राशि 12% में ब्याज जमा कराने की शर्त को हटाने के लिए अतिरिक्त वित्त सचिव अखिल अरोरा और ओएसडी मुख्यमंत्री से मुलाकात हो चुकी है लेकिन अभी तक हमारे प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाने का समय नहीं दिया गया है जिससे कर्मचारियों में काफी रोष है।

## ज्योतिष में सूर्य के आद्रा नक्षत्र में प्रवेश से तीन दिन तक धरती में बीजारोपण बताया है निषेध

# धरती का रजस्वला काल खत्म, बीजारोपण के लिए अब श्रेष्ठ समय

**गोपाल शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर**। धरती का रजस्वला काल रविवार को पूरा हो गया। इसके बाद अब धरती में बीजारोपण के श्रेष्ठ समय है। हिन्दू धर्म शास्त्रों में धरती को मां कहा गया है। यानी महिला की संज्ञा दी गई है।

धरती का राजस्वला काल सूर्य के आद्रा नक्षत्र में प्रवेश से शुरू होता है जो कि तीन दिन तक रहता है। ज्योतिष शास्त्र में इन तीन दिनों के दौरान धरती में बीजारोपण निषेध माना गया है। धरती का रजस्वला काल सूर्य के आद्रा नक्षत्र में प्रवेश से शुरू होता है। झोटवाड़ा रोड स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर के महंत एवं ज्योतिष मर्मज्ञ पं. केदारनाथ दाधीच ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में सूर्य के आद्रा नक्षत्र में प्रवेश से लेकर तीन दिन का समय धरती का रजस्वला काल माना गया है।

मान्यता है कि इन तीन दिनों के दौरान धरती में बीजारोपण नहीं करना चाहिए। वहीं किसी भी तरह के पेड-पौधे का भी रोपण नहीं करना चाहिए। इससे फसल को नुकसान सहित अन्य दोष भी लगते हैं। इस बार 22 जून को शाम 5:48 बजे सूर्य का आद्रा नक्षत्र में प्रवेश हुआ था। इसके बाद रविवार को धरती का



रजस्वला काल समाप्त हो गया। पं. दाधीच ने बताया कि धरती के रजस्वला काल से ही वर्षाकाल का भी शुभारंभ होता है।

### 6 जुलाई तक बीजारोपण श्रेष्ठ

आद्रा नक्षत्र में सूर्य देव आगामी 6 जुलाई तक रहेंगे। इसके बाद नक्षत्र परिवर्तन हो जाएगा। ज्योतिष की मान्यता के अनुसार धरती का रजस्वला काल समाप्त होने के बाद से सूर्य के आद्रा नक्षत्र में रहने तक धरती में बीजारोपण का श्रेष्ठ समय है। इस दौरान बोई गई फसल में अच्छी पैदावार होती है। इसलिए फसल बोने के लिए 6 जुलाई तक का समय श्रेष्ठ है। रमल ज्योतिषाचार्य पं. श्याम शर्मा ने बताया कि धरती में बीरारोपण के लिए धरती के रजस्वला काल को टालना चाहिए। सूर्य के आद्रा नक्षत्र में प्रवेश से तीन दिन तक रजस्वला काल माना जाता है। इस दौरान फसल की बुवाई या किसी भी तरह का पौधारोपण नहीं करना चाहिए। वहीं धरती के रजस्वला काल के बाद सूर्य के आद्रा नक्षत्र में रहने तक का समय बीजारोपण के लिए श्रेष्ठ रहता है।

### धरती के रजस्वला काल से ही मानसून शुरू

ज्योतिष शास्त्र में सूर्य के आद्रा नक्षत्र में प्रवेश से ही बारिश के मौसम यानी मानसून की शुरूआत मानी गई है। ज्योतिषी पं. गोविन्द शर्मा ने बताया कि आद्रा वर्षाकारक नक्षत्र है। सूर्य के इस नक्षत्र में प्रवेश के बाद से ही वर्षाकाल की शुरूआत मानी जाती है। इस बार जब तक सूर्य देव आद्रा नक्षत्र में रहेंगे तब तक श्रेष्ठ बारिश का योग है। वहीं 30 जून तक कर्क राशि में रहने वाली मंगल और शुक्र की युति भी अतिवृष्टि का योग बना रही है। आद्रा उर्ध्वमुख नक्षत्र है। यानी इस नक्षत्र में ऊपर की ओर गति करने वाले काम किए जाते हैं। इसलिए जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में होता है तभी बीज बोए जाते हैं और खेती की शुरुआत होती है।

**जरूरी खबर**

## संविदा कर्मचारी 3 जुलाई को करेंगे महापड़ाव



**जयपुर।** संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के बैनर तले शहीद स्मारक पर अपने पूर्व अनुभव सहित स्थायीकरण की मांगों को लेकर सविंदाकर्मियों का 18वें दिन भी धरना जारी रहा। मोर्चे के प्रवक्ता रंजीत पटेल ने बताया कि मांगों पर लिखित समझौता नहीं होने तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मी 3 जुलाई को शहीद स्मारक पर महापड़ाव डालेंगे। उधर, इंटर डिस्कॉम संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को 70वें दिन भी कर्मचारी धरना स्थल पर डेट रहे। प्रदेश अध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि तबादलों पर आदेश जारी नहीं होते, तब तक धरना जारी रहेगा।

## PTET कॉउंसलिंग शुरू, 5 जुलाई तक होंगे पंजीकरण

**जयपुर।** बांसवाड़ा स्थित गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय ने राजस्थान प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (पीटीईटी) का परिणाम जारी करने के बाद रविवार से कॉउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीटीईटी परीक्षा 4 वर्षीय बीए बीएड, बीएससी बीएड और 2 वर्षीय बीएड कार्यक्रम के लिए हुई थी। परीक्षा 21 मई को 33 जिलों के 1,494 केंद्रों में हुई थी, जिसमें 4.18 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षार्थी कॉलेज चयन के लिए 5 जुलाई तक पंजीकरण करवा सकते हैं। काउंसलिंग के लिए पंजीकरण फॉर्म ऑनलाइन भरे जाएंगे।

### निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण, डेडलाइन पर वर्क के निर्देश

# CM का सिटी में 'स्मार्ट' दौरा

**मुख्यमंत्री बोले...**

- सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, विकास कार्यों में भी जुटी है
- अक्टूबर-नवम्बर माह तक पूरा हो जाएगा एसएमएस का IPD टावर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मुखिया सीएम अशोक गहलोत प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों को लेकर मैराथन दौरे कर रहे हैं। इसी के चलते सीएम गहलोत ने रविवार को जयपुर शहर में अलग-अलग निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया।

गहलोत ने इस दौरान पुरानी विधानसभा, सवाई मानसिंह टाउन हॉल में राजस्थान धरोहर संग्रहालय, श्री गोविंद देवजी मंदिर, सवाई मानसिंह चिकित्सालय में आईपीडी टॉवर, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेस के साथ ही गांधी दर्शन म्यूजियम पहुंचकर वहां चल रहे विकास कार्यों को जायजा लिया। विकास कार्यों की गति और प्रगति को लेकर अधिकारियों से सवाल-जवाब किए और दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीएम गहलोत ने अधिकारियों को डेडलाइन पर क्वालिटी वर्क करने को कहा। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रख रही है। सभी कार्य तेज गति से चल रहे हैं। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, बल्कि उन्हें प्रभावी रूप से लागू भी कर रही है। इसके लिए हमारे द्वारा बेहतर वित्तीय प्रबंधन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि म्यूजियम का कार्य ऐतिहासिक होगा। ऐसे कार्यों से पर्यटन और रोजगार बढ़ते हैं और राज्य की देश-दुनिया में अच्छी छवि बनती है। राज्य सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है, जिससे प्रदेश में टूरिज्म सेक्टर को बूस्ट मिलेगा।



### पर्यटकों की सुविधाओं के बारे में जाना

सीएम गहलोत ने बड़ी चौपड़ के पास जलेब चौक स्थित पुरानी विधानसभा पहुंचकर विश्वस्तरीय राजस्थान धरोहर संग्रहालय के कार्यों का अवलोकन किया। यहां पर कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कार्यों की प्रगति की मॉडल्स और नक्शों के जरिए जानकारी दी। गहलोत ने हेरिटेज स्वरूप में ही निर्माणाधीन संग्रहालय में पर्यटकों की सुविधाओं के बारे में भी जाना। गौरतलब है कि यह संग्रहालय आधुनिक तकनीक से लैस होगा। यहां राजस्थान के प्रत्येक क्षेत्र की क्षेत्रीयता, चित्रकला, स्कल्पचर, स्मारकों, कला, संस्कृति, रहन-सहन, खानपान आदि की विशेषताओं को समाहित किया जा रहा है। यहां प्रत्येक गैलेरी थीम आधारित होगी।

### प्रगति की ली जानकारी

गहलोत ने एसएमएस अस्पताल में बन रहे 24 मंजिला आईपीडी टावर के कार्यों का अवलोकन किया। गहलोत ने कार्य की प्रगति को लेकर सकारात्मकता जताई और कहा कि निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने और राजस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं में यह चिकित्सालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका कार्य अक्टूबर-नवम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रदेश में हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वहीं सीएम गहलोत ने जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित निर्माणाधीन महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक का अवलोकन कर अधिकारियों से विद्यार्थियों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही निर्माणाधीन राजकीय जयपुर महाविद्यालय और इसके तहत निर्मित किए जा रहे 200-200 सीट के छात्रावास, राजा रामदेव पोद्दार विद्यालय के निर्माणधीन छात्रावास, डॉ. राधाकृष्णन लाइब्रेरी एंड लर्निंग सेंटर और पोद्दार स्कूल के जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन किया।

### विश्व के लिए गांधी दर्शन महत्वपूर्ण

गहलोत ने सेंट्रल पार्क में निर्माणाधीन गांधी दर्शन म्यूजियम का भी अवलोकन किया। करीब 82 करोड़ रुपए की लागत के इस प्रोजेक्ट का कार्य 15 अगस्त 2023 तक पूर्ण होना अनुमानित है। गहलोत ने कहा कि सादगी के साथ यह अनूठा केंद्र बन रहा है। यहां देश-विदेश से लोग आकर महात्मा गांधी के संस्कारों से रूबरू होंगे। यह पर्यटन की दृष्टि से भी आकर्षण का बड़ा केंद्र बनेगा।

**SMS के चिकित्सकों का कमाल**

## सर्जरी से युवक के पेट से निकाला एक फीट लंबा खंजर

**बेधड़क** | जयपुर



सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉक्टर्स ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है और 3 घंटे तक जटिल सर्जरी कर युवक की जान बचाई है। आपसी झगड़े में युवक के पेट में घुसे करीब 24 सेमी खंजर जैसे दिखने वाले धारदार हथियार को डॉक्टर्स ने बाहर निकाल दिया। सर्जरी के बाद युवक पूरी तरह से स्वस्थ है। सर्जरी विभाग के यूनिट हैड डॉ. राजेन्द्र बागड़ी ने बताया कि खंजर घुसने से युवक के पेट, बड़ी आंत और पेनक्रियाज पूरी तरह से डैमेज हो गई थी।

मीडिया प्रभारी डॉ. देवेन्द्र पुरोहित ने बताया कि 24 जून की रात करीब 11 बजे टोंक निवासी 22 वर्षीय आकाश मीना का चाकसू में ढाबे पर खाना खाने के दौरान किसी व्यक्ति से विवाद हो गया। इस विवाद में सामने वाले व्यक्ति ने आकाश पर वार करते हुए पेट में खंजर घोंप दिया था। अतिरिक्त अधीक्षक डॉ.प्रदीप शर्मा ने बताया कि डॉ. नरेंद्र, डॉ. रोहित, डॉ, रितेश, डॉ. नवीन, डॉ आशिमा, डॉ नितिन, डॉ आयुष व डॉ राजेंद्र यादव, डॉ चंचल व उनकी टीम का सहयोग रहा।

## 48 लाख नौनिहालों ने गटकी दो बूंद जिंदगी की

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में चलाए गए पल्स पोलियो अभियान में पहले दिन 48 लाख 90 हजार बच्चों को पोलियो प्रतिरोधक दवा पिलाई गई। इस अभियान के तहत 23 जिलों के 5 वर्ष तक के 86 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो प्रतिरोधक दवा पिलाई जाने का लक्ष्य रखा गया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने रविवार सुबह दौसा के ग्राम मंडावरी स्थित अपने निवास पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेश में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। जो बच्चे रविवार को बूथ पर किसी कारणवश नहीं आ पाए, उन्हें सोमवार व मंगलवार को स्वास्थ्य कार्मिक घर-घर जाकर दो बूंद जिंदगी की पिलाएंगे।

ACHIEVER'S ACADEMY SR. SEC. SCHOOL
(A Co-Educational English Medium School) Arts/Comm./Sci.
10th Class Achievers of 2023
12th Class Achievers of 2023




100% BOARD RESULT EVERY YEAR
100% STUDENTS OF CLASS-XII FIRST DIVISION IN 2023
25 OUT OF 27 STUDENTS IN CLASS-X FIRST DIVISION IN 2023
ADMISSION OPEN
For Classes Nur. to 12th (Science, Commerce & Arts)
CONVEYANCE FACILITY IN ALL AREAS
* Students getting 90% Marks and above are Complete Free and 25% Fee Free for the Students seeking 85% Marks and above in 10th Class Board Exam (in XI Class)
* Students will be awarded with tablet on getting 95% and above marks and Rs.: 5100 on getting 90% to 94.99% marks in 12th Board Exams.
Required Teachers for Nursery to XII (Science, Commerce & Arts) Fluency in English
A-48A, Dadhichi Nagar, Near Khatushyam Mandir, Road No.5, V.K.I. Area, Jaipur
Mob. : 9667400415, 9887931564

## जरूरी खबर

### आज झालावाड़ बंद रखकर जताएंगे विरोध



**झालावाड़।** जिले के चोमेहला में एक समुदाय विशेष के शिक्षक की ओर से हिंदू समाज की दलित बालिका के साथ छेड़छाड़ और धर्म परिवर्तन करने का प्रयास किया गया। इसका विरोध करने वाले हिन्दू संगठन के पदाधिकारी को गिरफ्तार किया हैं। इसके विरोध में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के आह्वान पर सोमवार को झालावाड़ बंद रखा जाएगा। वीएचपी के मंत्री संदीप श्रोत्रिय ने बताया कि कार्यकर्ताओं पर अन्याय पूर्ण कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रक से 215 किलो डोडा-पोस्त बरामद दो तस्कर दबोचे

**हनुमानगढ़।** ट्रक में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते दो तस्करों को पीलीबंगा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दबोच लिया। ट्रक में 215 किलो अवैध डोडा-पोस्त मिला, जिस पुलिस ने जब्त कर लिया। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम सूरतगढ़ रोड़ पर रोही दुलमाना में नाकाबंदी कर रही थी। इस दौरान एक ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें बिजली विभाग के इंसुलेटर ले जाए जा रहे थे। इसमें 215 किलो डोडा पोस्त की तस्करी भी की जा रही थी। तस्कर भूपेन्द्र उर्फ बूटा (23) निवासी गुढा थाना लूणी जिला जोधपुर व पूनाराम बिश्नोई (24) निवासी चन्द्र नगर थाना लोहावट जिला जोधपुर को गिरफ्तार कर लिया।

### अगवा नाबालिग दस्तयाब, आरोपी को किया गिरफ्तार



**झालावाड़।** थाना उन्हैल क्षेत्र के एक गांव से 3 साल पहले अगवा की गई नाबालिक को शुक्रवार को पुलिस ने मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में जग्गा खेड़ी इलाके से दस्तयाब कर लिया। वहीं आरोपी को अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया गया। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि 12 अक्टूबर 2020 को थाना उन्हेल क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग को अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। करीब 3 साल से पेंडिंग चल रहे मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सूचनाओं और तकनीकी मदद से अगवा नाबालिग को दस्तायाब किया तथा आरोपी दिलीप सिंह (24) निवासी रनायरा थाना गंगधार जिला झालावाड़ गिरफ्तार किया गया।

**तूफान की मार:** मुख्यमंत्री से की 10 करोड़ के मुआवजे की मांग, विश्व की सबसे बड़ी गोशाला 36 करोड़ के घाटे में

# बिपरजॉय तूफान से हजारों गोवंश प्रभावित, सैकड़ों की मौत

- गोवंश को भारी नुकसान, कोई सरकारी नुमाइंदा नहीं पहुंचा खैर-खबर लेने

श्रवण भाटी | बेधड़क



**जयपुर।** एक तरफ प्रदेश की राजनीति गायों के ईद गिर्द घूम रही है, वहीं दूसरी और बिपरजॉय तूफान के कहर से पथमेड़ा गोशाला में सैकड़ों गोवंश काल के ग्रास बन गए हैं। वहीं हजारों गोवंश कुपोषण का शिकार हो गए हैं। हैरानी को बात ये है कि विश्व की सबसे बड़ी गोशाला में ये गोत्रासदी होते हुए भी अभी तक कोई सरकारी नुमाइंदा इनकी सुध लेने नहीं पहुंचा है।

ये हालत तो तब हैं जब कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बाढ़ से प्रभावित इलाकों का हेलीकॉप्टर से जायजा ले कर आए हैं। तूफान से गोशाला में बंधी गायों के ऊपर से तीन शेड उड़ गए, दीवार गिर गई। इससे गोवंश लगातार 48 घंटे तक बारिश में भीगता रहा, लेकिन गोमाता के नाम पर राजनीति चमकाने वाले जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमले को इसकी भनक तक नहीं लगी। नुकसान से उबरने के लिए गोशाला के प्रबंधकों ने अब सरकार से मदद मांगी गोशाला के प्रधान सचिव रघुनाथ सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बिपरजॉय तूफान आने की सूचना उन्हें मीडिया के माध्यम से ही मिली थी।

तूफान की वजह से 48 घंटे तक बारिश होती रही। तीन टप्पर उड़ने से गोवंश भीगते रहे। संस्था की ओर से व्यवस्था दुरुस्त करने के प्रयास किए गए, लेकिन वे नाकाफी रहे। बारिश से 300 गायें मर चुकी हैं तथा सैकड़ों गंभीर बीमार हो गई।

### चारा नहीं पहुंचने से दम तोड़ रहा गोवंश

बिपरजॉय तूफान और दो दिन हुई तेज बारिश के कारण पथमेड़ा गोशाला का सड़क मार्ग से संपर्क टूट गया था। पथमेड़ा के निकट सुरावा और पांचला बांध के टूटने से जलभराव होने और सड़के टूटने से मार्ग बंद हो गया है। इसके कारण गोशाला परिसर में हजारों गोवंश के लिए हरी घास, चारा, पौष्टिक आहार की आपूर्ति बाधित हो गई है। पौष्टिक आहार नहीं मिलने से बीमार गोवंश की मोत हो गई। वहीं सैकड़ों की तादाद में गाय बीमार हो गई।

### यहां 12 गोशाला होती हैं संचालित

श्रीगोपाल गोवर्धन गोशाला आनंदवन पथमेड़ा न्यास की ओर से 12 गोशालाओं का संचालन होता हैं। इसमें विश्व का सबसे बड़ा नंदी तीर्थ श्रीमहावीर हनुमान नंदीशाला गोलासन, श्रीठाकुर गोसेवाश्रम पालडी सहित वेदलक्षणा गोनंदीतीर्थ खिरोडी, श्रीगोकुल गोधाम हिण्डवाडा, विरोल, प्रतापपुरा, खिरोड़ी, नंदगाव, धानोल, कलापुरा, दाता, वासन की गोशालाओं में करीब 52 हज़ार गोवंश निवास करते हैं। वहीं सांचोर, जालोर, सिरोही और बाड़मेर में संचालित गोशालाओं के गोवंश के भी प्राण संकट में हैं।

### 10 करोड़ के मुआवजे की मांग

न्यास सचिव राजपुरोहित ने बताया कि कई शेड टूटने के कई टन चारा भी भीग गया। बीमार गोवंश की रिकवरी के लिए हरे चारे के साथ दाना देना जरूरी है, लेकिन हजारो की संख्या में गोवंश के लिए दाना उपलब्ध करवाना संस्थान के लिए मुश्किल हैं। मंगलवार को सांचोर पहुंचे मुख्यमंत्री गहलोत को 10 करोड़ के मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया हैं। संस्थान पहले से 36 करोड़ रुपए के घाटे में चल रहा हैं।

**अनहोनी:** रामदेवरा से लौटते समय हुआ हादसा, 15 लोग घायल

# टायर पटने से श्रद्धालुओं की पिकअप पलटी, तीन की मौत

बेधड़क | जोधपुर

राजस्थान के जोधपुर में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी पिकअप बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं 15 लोग घायल हो गए।

हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि पिकअप सवार सभी यात्री रामदेवरा में दर्शन कर वापस लौट रहे थे। हादसे के बाद राहगीरों व स्थानीय लोगों ने घायलों को निजी वाहन से जोधपुर के एमडीएम अस्पताल पहुंचाया। हादसा बालेसर में बम्बोर टोल नाके के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, पाली जिले के तख्तगढ़ थाना क्षेत्र कोसेलाव गांव दो तीन परिवारों के 18 लोग सुमेरपुर से बाबा रामदेव के दर्शन कर पिकअप में वापस गांव लौट रहे थे। इस दौरान दोपहर 2 बजे बालेसर से करीब 15 किमी दूर बालेसर के आबोलाई गांव के पास अचानक पिकअप का टायर फट गया। टायर फटने से चालक ने पिकअप से नियंत्रण खो दिया। दूर जाकर पिकअप सड़क पर पलट गई। इससे पिकअप में सवार सभी श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे के बाद आस-पास के घायलों की मदद के लिए दौड़े और घायलों को इलाज के लिए एमडीएम अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। वहीं 15 लोगों का इलाज चल रहा है।



#### सड़क पर तीन-चार बार पलटी पिकअप

आगोलाई चौकी इंचार्ज रुघाराम ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बेकाबू होने के बाद पिकअप सड़क पर दूर तक तीन-चार पलटी खाती गई। इसके चलते पिकअप में सवार सभी श्रद्धालुओं घायल हो गए। हादसे के बाद सूचना मिलते ही श्रद्धालुओं के गांव में अफरा-तफरी मच गई। श्रद्धालुओं के रिश्तेदार जोधपुर के लिए रवाना हो गए। इधर, शहर से भी कई लोग अस्पताल पहुंचे। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

### दो बाइक की भिड़ंत में 2 युवकों गई जान, एक गंभीर घायल

**सिरोही।** जिले में शनिवार रात दो बाइक में आमने-सामने भिड़त में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद पालनपुर रेफर किया गया। वहीं दोनों का शवों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए। यह हादसा आबूरोड में रीको थाना क्षेत्र के सियावा के पास हुआ। रीको थाने के हेड कांस्टेबल किशनलाल ने बताया की शनिवार देर रात अम्बाजी रोड के पास सियावा रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर रीको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनो घायलों को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों में छोगा राम पुत्र सापा निवासी पिपरमाल, सुरेश पुत्र लक्षमण भाई निवासी पांसा अम्बाजी है। वहीं पिन्टू पुत्र केवला निलवासी कोटेश्वर अम्बाजी घायल हो गया। उसे पालनपुर रेफर किया गया। पुलिस ने रविवार दोपहर को मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए।

**थाना नागाणा में था पदस्थापित**

## किसी ओर से परीक्षा दिलवा कर कांस्टेबल बना शख्स हिरासत में

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

जिले में पुलिस की वर्ष 2015 में कांस्टेबल परीक्षा में अपनी जगह किसी अन्य को बैठा कर कांस्टेबल बने जालौर निवासी सुरेश विश्नोई को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में डीएसपी बुद्धराज टांक ने सदर थाने में मामला दर्ज कराया है। वह वर्तमान में बाड़मेर जिले के नागाणा थाने में पदस्थापित था।



एसपी राजन दुष्यन्त ने बताया कि वर्ष 2018 में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में चयनित दिनेश कुमार विश्नोई का बायोमेट्रीक मिलान परीक्षा के दौरान किए गए बायोमेट्रीक अंगूठा निशानी से मिलान नही होने पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक के कनिष्ठ लिपिक जाकीर हुसैन द्वारा थाना सदर चितौडगढ़ में मामला दर्ज कराया था।

इसमें अभ्यर्थी जालौर के मालवाडा थाना चितलवाना निवासी दिनेश विश्नोई पुत्र मांगीलाल को गिरफ्तार किया गया। उसने पुलिस पुछताछ में अपने स्थान पर भाई गणपत विश्नोई द्वारा परीक्षा देना बताया। इस पर वर्ष 2020 में उक्त प्रकरण के जांच अधिकारी तत्कालीन डीएसपी चित्तौड़गढ़ अमित सिंह द्वारा गणपत विश्नोई को गिरफ्तार किया गया तथा गणपत लाल एवं दिनेश कुमार से पूछताछ की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि इसी प्रकार फर्जी अभ्यार्थियों से परीक्षा दिलवा कर पुलिस, जीआरपी, आरएसी एवं खनन विभाग आदि में 26 व्यक्ति भर्ती होकर नौकरी कर रहे हैं।

वहीं कांस्टेबल सुरेश विश्नोई पुत्र भीखाराम विश्नोई निवासी डेडवा थाना सांचोर के स्थान पर भी अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना बताया। यह कांस्टेबल वर्ष 2015 में भर्ती हुआ है। पुलिस जांच में उसके परीक्षा के दौरान लिए गए हस्ताक्षर भी मेल नहीं खाए।

**महिला का पैर फिसलने से हादसा**

## कुएं में गिरने से मां व बेटे की मौत

बेधड़क | टोंक

जिले में एक विवाहिता 9 माह के बेटे के साथ खेत में बने बिना मुंडेर के कुएं में गिर गई। इसके चलते मां-बेटे दोनों की मौत हो गई। मामला टोंक जिले के देवली थाना इलाके का है।

मृतका के परिजनों ने पैर फिसलने से हादसा होने की आशंका जताई है। वहीं इसे लेकर मृतका के भाई ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार, देवली के नासिरदा थाना क्षेत्र में बड़ला गांव में संगीता (24) अपने 9 माह के बेटे रविंद्र के साथ खेत पर गई थी। खेत में बकरियों को पानी पिलाने के लिए महिला का पैर फिसल गया। पैर फिसलने से महिला खेत में बने बिना मुंडेर के कुएं में जा गिरी।



काफी देर तक महिला घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता होने लगी। खेत पर जाकर देखा तो मां-बेटे के शव कुएं में तैरते हुए मिले।

सूचना पर नासिरदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंपे गए। थाना प्रभारी प्रशिक्षु आरपीएस रवि प्रसाद शर्मा ने बताया कि मृतका के भाई महेंद्र पुत्र सूरजकरण निवासी केकड़ी ने पुलिस में रिपोर्ट दी है।

**सारस्वत ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम में धारीवाल ने की घोषणा**

## समाज भवन में सुविधा के लिए दस लाख

बेधड़क | कोटा

सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति कोटा के प्रस्तावित भवन का शिलान्यास, युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन और नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को बालाजी नगर स्थित यूआईटी ऑडिटोरियम में हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल रहे। उन्होंने समाज भवन में ट्यूबवैल और चारदीवारी निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इसके साथ ही देशभर के कई प्रांतों से समाज के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे समाज के मुकुंदरा विहार में स्थित भूखंड पर पूजन से हुई।

यहां समाज के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत की अगुवाई में प्रतिनिधियों ने भूमि पूजन किया। इसके बाद परिचय सम्मेलन की शुरुआत यूआईटी ऑडिटोरियम में हुई।

परिचय सम्मेलन में हाड़ौती संभाग के सभी कोटा, बारां, बूंदी व झालावाड़ जिलों से आए विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच पर आकर परिचय दिया।

**विप्र फाउंडेशन का महाकुंभ में उठी मांग**

# जनजाति क्षेत्रों की तर्ज पर डार्क जोन वाले जिलों में मिले विशेष आरक्षण

- ईडब्ल्यूएस आरक्षण 15% करने व राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने की मांग

बेधड़क | जालोर



विप्र फाउंडेशन ने जनजाति उपयोजना क्षेत्र (टीएसपी) की तर्ज पर जालोर, सिरोही, पाली, सांचौर, बाड़मेर, बालोतरा और जैसलमेर आदि जिलों के सामान्य वर्ग को भी सरकारी नौकरियों में विशेष आरक्षण देने की मांग की हैं, ताकि स्थानीय युवाओं को भर्ती में प्राथमिकता मिल सके।

विप्र फाउंडेशन की ओर से रविवार को जालोर में आयोजित नवें विप्र महाकुंभी में फाउंडेशन ने देवस्थान विभाग की ओर से पुजारी पदों पर की गई भर्ती का विरोध जताते हुए कहा कि पारंपरिक तरीके से जो व्यवस्था पहले चल रही थी, उसे बहाल किया जाए।

सरकार मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से तत्काल प्रभाव से मुक्त करें। इसके साथ ही फाउंडेशन ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की पुरजोर शब्दों में मांग उठाई। महाकुंभ में लोकसभा व विधानसभा में अधिक प्रतिनिधित्व के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों से अधिक टिकट की मांग भी उठाई गई। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री भाजपा नेता राज. के पुरोहित ने ब्राह्मणों को हिंदू समाज की नींव बताते हुए कहा कि नींव मजबूत होगा तभी इमारत खड़ी रह सकेगी।

विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने विप्र महाकुंभ में उठे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीएसपी क्षेत्र में आरक्षित वर्ग को छोड़कर सामान्य सहित अन्य सभी वर्ग को 45 प्रतिशत आरक्षण लाभ दिया जा रहा हैं। उसी तर्ज पर जालोर, सिरोही, सांचौर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, पाली आदि जिलों के नौजवानों को विशेष आरक्षण प्रावधान कर समानता क्यों नहीं लाई जा सकती। उन्होंने अधिक से अधिक ब्राह्मणों प्रतिनिधियों को विधानसभा और लोकसभा में भेजने का भी आह्वान किया।

ओझा ने क्षेत्र में शिक्षा की बड़ी अलख जगाने वाले स्वामी आत्मानंद सरस्वती के नाम से राष्ट्रीय पुरस्कार देने की भी मांग उठाई। उन्होंने स्वामी आत्मानंद सरस्वती के नाम से स्थापित विप्र लेक सिटी कॉलेज की 23 जुलाई को शुभारंभ की जानकारी दी।

### सिरोही: ब्राह्मण पंचायत में उमड़े विप्रबंधु

**सिरोही।** जिले में रविवार को विप्र सेना की ओर से ब्राह्मण पंचायत का आयोजन किया गया। राजधानी में शक्ति प्रदर्शन के पश्चात अब संगठन ने पश्चिमी राजस्थान में अपना हाथ आजमाते हुए एक और कीर्तिमान स्थापित किया।



आयोजको की ओर से दावा किया गया कि सिरोही के दशहरा मैदान में 50 सालों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए विप्र सेना के तत्वावधान में ब्राह्मण समाज की सबसे विशाल एवं विराट सभा आयोजित हुई। भामाशाह दलपत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जिलेभर के 50 हजार ब्राह्मणबंधु सभा में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिर्फ संतों का मंचासीन रखा गया बाकी समाज के सभी बंधु एक जाजम पर रहे। कार्यक्रम दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवारी ने कहा कि मेरा समाज किसी राजनीतिक पार्टी का गुलाम नहीं है। जो चुनावी घोषणापत्र में मेरे समाज की मांग पूरी करने की घोषणा करेगा, मेरा समाज उसके साथ रहेगा। यह समाज का निर्णय है।

- टाइटैनिक खासियतों से भरा था
- हादसा हुआ और मलबे में हुआ तब्दील
- कई राज भी हैं उसके साथ दफन

# टाइटैनिक ...जो खो गया था लहरों में

## इतिहास के पन्नों से लेकर फिल्मी पर्दे तक रही है उसकी चर्चा

**10 अप्रैल 1912** को साउथैम्पटन से न्यूयार्क के सफर पर निकला।

**14 अप्रैल 1912** को एक हादसे में अटलांटिक महासागर में डूब गया।



टाइटैनिक... बस नाम ही काफी है। एक ऐसा जहाज जो विशालकाय था, जिसमें सवार हर इंसान यह जानता था कि यह कभी ना डूबने वाला जहाज है। कई खासियतों से भरा, मानों पूरा एक शहर सिमटा हुआ था। लेकिन उसका यह सफर ज्यादा चला नहीं, गिनती के दिन बीते थे कि एक हिमखंड से जा टकराया और मलबा बनकर समंदर के तल में जा समाया। अब तलहटी से निकलकर टाइटैनिक फिर सुर्खियों में हैं। कारण है कि उसे डूबा हुए देखने के लिए जाने वाले पांच यात्री खुद डूब गए। उन्हें तलाशने के लिए अभियान भी चला लेकिन अंत में सब खत्म हो गया। खबर आई कि कोई नहीं बचा है। डूबने वालों में सब अपनी अमीरी के लिए जाने जाते थे।



## हिमखंड से टकराया और चूर-चूर हो गया

अप्रैल 1912 की रात में टाइटैनिक के साथ हादसा हुआ था, जिसमें वो एक हिमखंड से जा टकराया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, उस समय टाइटैनिक लगभग 41 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से ट्रैवल कर रहा था। वह इंग्लैंड के साउथेम्प्टन से अमेरिका के न्यूयॉर्क की ओर जा रहा था। 14 अप्रैल की रात जब जहाज में सभी यात्री सो रहे थे, ठीक उसी वक्त टाइटैनिक एक हिमखंड से जा टकराया और यह भयानक हादसा हो गया। इस हादसे में करीब 1500 से अधिक यात्रियों की मृत्यु हो गई थी। बताया जाता है हादसा अटलांटिक महासागर में हुआ था। टाइटैनिक को लेकर एक बात कही जाती थी कि यह विश्व का ना डूबने वाला जहाज था, लेकिन वह अपनी पहली यात्रा के दौरान ही डूब गया था।

## लापता हुई पनडुब्बी... 5 अरबपतियों की मौत






हाल ही में टाइटैनिक के मलबे को लोगों को दिखाने के लिए निकली पनडुब्बी लापता हो गई है। लापता होने चंद दिन बाद उसका मलबा अटलांटिक महासागर में मिला। ये टाइटैनिक जहाज के मलबे से 1600 दूर मिला है। पनडुब्बी 18 जून की शाम को पायलट समेत चार टूरिस्ट को लेकर टाइटैनिक का मलबा दिखाने गई थी, लेकिन 1:45 घंटे बाद लापता हो गई थी। सबमरीन में मौजूद पांचों लोगों की मौत हो गई है। इनमें ब्रिटिश बिजनेसमैन हैमिश हार्डिंग, फ्रांस के डाइवर पॉल-हेनरी, पाकिस्तानी-ब्रिटिश कारोबारी शहजादा दाऊद, उनका बेटा सुलेमान और ओशनगेट कंपनी के सीईओ स्टॉकटॉन रश शामिल हैं। अमेरिकी कोस्ट गार्ड के मुताबिक 'अटलांटिक महासागर में पनडुब्बी के मलबे को रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल से खोजा गया। संभव है कि इसमें विस्फोट हुआ हो। रॉयटर्स के मुताबिक, यह पनडुब्बी भारतीय समयानुसार 18 जून की शाम 5:30 बजे अटलांटिक महासागर में छोड़ी गई थी। ये 1:45 घंटे बाद लापता हो गई थी। पिछले 4 दिन से सर्च ऑपरेशन जारी था, जो अब खत्म कर दिया गया है। सर्चिंग में अमेरिका, कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन के एयरक्राफ्ट्स और जहाज शामिल थे।

## कई सवाल और जहाज बना अनसुलझी पहेली...?



### कभी ना डूबने वाला, डूबा कैसे

ऐसे कई राज है जो अब तक अनसुलझे ही साबित होते हैं। उनके बारे में बार बार बात की जाती है, चर्चा भी होती है लेकिन को पुख्ता निर्णय नहीं हो पाता है। विश्व के सबसे विशाल जहाज टाइटैनिक को लेकर एक बात कही जाती थी की वो कभी ना डूबने वाला जहाज था। एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि टाइटैनिक को बनाते वक्त उसमें कुछ खास तरह के कंपार्टमेंट बनाए गए थे, जिससे की अगर किसी भी कारण से जहाज का एक हिस्सा डूब जाता है, तब भी उसका एक हिस्सा डूबने से बच जाएगा हालांकि, इस लिहाज से जहाज को डिजाइन किए जाने के बावजूद वो कैसे डूबा। इसका पता आज तक वैज्ञानिक नहीं लगा पाए हैं। कई थ्योरी कहती हैं कि जहाज के मुख्य हिस्से में आधी लंबाई तक सुराख होने के कारण ही टाइटैनिक को डूबने से नहीं बचाया जा सका था।

### हजारों लोगों की जान की दुश्मन बनी रफ्तार

रिपोर्ट के अनुसार, अटलांटिक महासागर में अधिक स्पीड में जहाज चलने पर सम्मान दिया जाता था, जिसमें एक ब्ल्यू बैंड मिलता था। कई रिपोर्ट इस बात का दावा करती हैं कि, टाइटैनिक भी इसी सम्मान का हकदार था, जिस कारण ब्लू बैंड को प्राप्त करने के लिए अटलांटिक में उसकी स्पीड बढ़ाई गई थी। टाइटैनिक साउथेम्प्टन से न्यूयॉर्क तक अपनी पहली यात्रा के लिए ही निकला था, जिसे वो पूरी भी ना कर सका, ऐसे में टाइटैनिक की स्पीड पर भी सवाल उठाए जाते हैं।

### यात्री ज्यादा लाइफ बोट कम

अटलांटिक में हुए उस भयावह हादसे में करीब 1500 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई थी। इतने लोगों की मृत्यु का एक मुख्य कारण उस दौरान लाइफ बोट की संख्या के कम होने और यात्रियों के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था भी थी। वहीं टाइटैनिक के दो टुकड़े हो जाना अपने आप में ही काफी हैरान करने वाला विषय है, इसलिए आज तक दुनिया भर के कई विशेषज्ञ इस बात का पता नहीं लगा पाए कि आखिर टाइटैनिक के दो टुकड़े किस कारण से हुए।

### एक दूरबीन होती तो बदलते हालात

टाइटैनिक के एक्सीडेंट को लेकर एक अहम वजह क्रू के पास दूरबीन के ना होने को भी बताया गया है। यह सवाल अक्सर उठाया जाता है कि टाइटैनिक जैसे विशाल जहाज के क्रू मेंबर्स और कैप्टन के पास दूरबीन क्यों नहीं थी। कई रिपोर्ट्स में इस बात जिक्र किया गया है कि अगर क्रू के पास दूरबीन होती तो वे काफी पहले ही खतरे को भांप लेते, जिससे इतना बड़ा हादसा होने से टल जाता और हजारों लोगों की जान भी बच जाती।

**111 साल**
हो चुके हैं टाइटैनिक को डूबे हुए

**3.8 किलोमीटर**
गहराई में समा गया था टाइटैनिक का मलबा

**करीब 1500**
लोग इस हादसे में मारे गए थे



*पहली बार साल 1985 में टाइटैनिक के मलबे को खोजकर्ता रॉबर्ट बलार्ड और उनकी टीम ने खोजा था।*
*समुद्र में जंग पैदा करने वाले ये बैक्टीरिया हर रोज करीब 180 किलो मलबा खा जाते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि अब टाइटैनिक की उम्र ज्यादा नहीं बची है।*

### फ्लैश बैक तैरता हुआ शहर था

ब्रिटिश शिपिंग कंपनी व्हाइट स्टार लाइन ने टाइटैनिक का निर्माण कार्य 31 मार्च 1909 को शुरू किया था। उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में स्थित हारलैंड एंड वूल्फ शिपयार्ड में इस जहाज को तैयार किया गया। इसको तैयार करने में उस समय 7.5 मिलियन डॉलर का खर्च आया था। 31 मई 1911 को इस विशालकाय जहाज को लोगों के सामने प्रस्तुत किया गया। इसे देखने के लिए 10 हजार लोग इकट्ठा हुए। इसमें हर सुख-सुविधाओं का ध्यान रखा गया था। टाइटैनिक एक रॉयल मेल शिप भी था, इसलिए जहाज पर तीन हजार बैग मेल्स भी थे। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, टाइटैनिक जहाज की ऊंचाई करीब 17 मंजिला इमारत के बराबर थी। इस जहाज की लंबाई फुटबॉल के तीन मैदानों के बराबर थी, जहाज में रोज 800 टन कोयले की खपत होती थी। टाइटैनिक में लगी सीटी की आवाज को 11 मील की दूरी तक सुना जा सकता था। टाइटैनिक शिप में यात्रियों और क्रू मेंबर्स के खाने का अच्छा-खासा इंतज़ाम था। जहाज पर खाने के लिए 86,000 पाउंड मीट, 40,000 अंडे, 40 टन आलू, 3,500 पाउंड प्याज, 36,000 सेब और 1,000 पावरोटी के पैकेट के साथ कई तरह के खाने का सामान मौजूद था।

### आइकॉनिक फिल्म ने बजाया सफलता का डंका

19 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई इस आइकॉनिक फिल्म 'टाइटैनिक' ने 11 ऑस्कर अपने नाम किए थे। टाइटैनिक पर बनी यह फिल्म उस समय दुनिया में बनी सबसे महंगी फिल्म थी। फिल्म के निर्देशक और लेखक जेम्स कैमरून थे। 'टाइटैनिक' एक एपिक रोमांस और ट्रेजडी फिल्म है, जिसकी लागत असली टाइटैनिक शिप से 26 गुना ज्यादा थी। फिल्म में कई असल घटनाएं भी दिखाई गई थी और कई सीन भी क्रिएट भी किए गए। सिर्फ जहाज को डूबता हुआ दिखाने के लिए मेकर्स ने एक सीन में 1 करोड़ लीटर पानी का इस्तेमाल किया था, वहीं दूसरे सीन्स में लाखों लीटर पानी लगा था। इस फिल्म को बनाने में 200 मिलियन डॉलर, यानी 1250 करोड़ का खर्च आया। फिल्म के हर एक मिनट के सीन में 8 करोड़ रुपये खर्च हुए, जिससे डायरेक्टर और डिस्ट्रीब्यूटर के बीच अनबन भी हुई। फिल्म की सफलता ने अपना डंका बजाया था।




कन्टेंट/ डिजाइन : अजय कुमार शर्मा/विमल सिंह तंवर

पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा

# नए बुलंद मुकाम पर दोस्ती


गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

करीब डेढ़ दशक पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में असैन्य परमाणु सहयोग समझौते से शुरू हुआ भारत-अमेरिकी रिश्तों का दौर अब नए मुकाम पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा में दोनों देशों के रिश्तों को इस स्तर पर ले आएं हैं, जहां अमेरिका भारत के लिए उच्च प्रौद्योगिकी और उन्नत सैन्य प्रणालियों के लिए अपने द्वार खोल रहा हैं। इस दृष्टि से पीएम मोदी की यह यात्रा बहुत अहम रही है। इसमें विश्व पटल पर भारत के बढ़ते कद की झलक भी नजर आई।

इस यात्रा में माध्यम से पीएम मोदी दुनिया के लगभग सभी देशों से सीधे जुड़े। अपनी यात्रा के पहले पड़ाव में उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग के जरिए भारत को पूरी दुनिया से जोड़ा। इसके बाद व्हाइट हाउस में पीएम मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात व फिर वहां के व्यापार जगत के दिग्गजों से भेंट ने दोनों देशों के रिश्तों को नई गहराई दी है। व्हाइट हाउस में दो दिन तक भारतवंशियों की उपस्थिति अभूतपूर्व थी। भारत की सांस्कृतिक विरासत व परम्पराओं की झलक भी वहां नजर आई। एक कार्यक्रम में वहां की प्रसिद्ध गायिक मैरी बिलमेन ने भारत का राष्ट्रगान जन-गण-मन गाने के बाद पीएम मोदी के पैर छुए। अमेरिका में ऐसा दृश्य दुर्लभ है। इन बातों का सांकेतिक महत्व है।

इसके अलावा अमेरिकी कांग्रेस में पीएम मोदी के संबोधन को अमेरिकी सांसदों ने जिस गरिमा के साथ सुना उससे भी भारत की विश्व कूटनीति में बढ़ती भूमिका का पता चलता है। अमेरिका व्हाइट हाउस के दरवाजे किसी देश के लिए यूं ही नहीं खोलता। वहां राजकीय यात्राओं का अकाल ही रहता है, लेकिन पीएम मोदी राजकीय यात्रा पर रहे और वहां के उद्योग और व्यापार जगत के समक्ष भारत में असीमित संभावनाओं को रेखांकित करने में सफल रहे। वे भारत में निवेश लेकर आ रहे हैं। राष्ट्रपति बाइडेन की यह टिप्पणी बहुत ही अहम है कि हमारे संबंध 21वीं सदी के सबसे निर्णायक रिश्तों में से हैं। यानी भारत अमेरिका अब साथ-साथ चलेंगे। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान जेट इंजनों के भारत में निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस और भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत जीई एयरोस्पेस के एफ-414 इंजनों का भारत में निर्माण होगा। इससे भारत के एलसीए एमके-2 कार्यक्रम को गति मिलेगी। स्वदेशी फाइटर जेट के लिए इंजन निर्माण में भारत को अभी महारत हासिल करनी है और अमेरिका के साथ हुआ यह करार इसमें बहुत अहम साबित होगा।

इसके अलावा एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खरीद के लिए हुआ समझौता भी बहुत अहम है। इससे भारत की सैन्य क्षमता में इजाफा होगा और वह चीन के खिलाफ बेहतर स्थिति में होगा। साथ ही निवेश के नए रास्ते भी खुल रहे हैं। माइक्रोन टैक्नोलॉजी सेमीकंडक्टर क्षेत्र में मोटा निवेश कर भारत में संयंत्र लगाएगी। अन्य कई कंपनियां भी निवेश लेकर आ रही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो भी मिलकर काम करेंगे। यह बहुत अहम फैसले हैं जो दोनों देशों को और करीब लाएंगे।

> पीएम मोदी की यात्रा के दौरान जेट इंजनों के भारत में निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस और भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत जीई एयरोस्पेस के एफ 414 इंजनों का भारत में निर्माण होगा। इससे भारत के एलसीए एमके-2 कार्यक्रम को गति मिलेगी। स्वदेशी फाइटर जेट के लिए इंजन निर्माण में भारत को अभी महारत हासिल करना है और अमेरिका के साथ हुआ यह करार इसमें बहुत अहम साबित होगा। इसके अलावा एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खरीद के लिए हुआ समझौता भी बहुत अहम है। इससे भारत की सैन्य क्षमता में इजाफा होगा और वह चीन के खिलाफ बेहतर स्थिति में होगा।



> पीएम मोदी ने अपनी इस यात्रा के दौरान इस दिशा में भी बहुत ही सधे हुए कदम बढ़ाए हैं। अमेरिका के साथ सैन्य व व्यापारिक सहयोग मजबूत किया है तो साथ ही पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन को लेकर कड़ा प्रहार भी किया है। इसके साथ ही चीन को भी संदेश दिया है कि भारत दबाव में नहीं आएगा। कुल मिलाकर पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा भारत के हितों को सुरक्षित करने में सफल रही है। यह यात्रा दुनिया में भारत का कद बढ़ाने की दिशा में एक अहम पड़ाव साबित होगी।

भारत अमेरिकी रिश्तों में मिठास घुल रही है, इसीलिए चीन बिफरा हुआ है। वह भारत अमेरिका के बीच बढ़ते सहयोग को अपने खिलाफ देखता है। उसको डर सता रहा है कि भारत की तेज आर्थिक प्रगति उसकी विश्व आपूर्ति श्रृंखला के लिए चुनौती बन सकती है। इसीलिए अमेरिका के साथ प्रगाढ़ होते भारत के रिश्ते चीन को फूटी आंख नहीं सुहाते। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के मौके पर चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने जिस तरह जहर उगला उससे साफ है कि चीन को भारत-अमेरिका की दोस्ती बर्दाश्त नहीं है। अपने संपादकीय में ग्लोबल टाइम्स ने अमेरिका को धोखेबाज बताते हुए भारत से सतर्क रहने की अपील की। उसका कहना था कि अमेरिका अपने फायदे के लिए भारत का उपयोग कर रहा है।

चीन व रूस का मुकाबला करने के लिए अमेरिका भारत के साथ रिश्ते बढ़ा रहा है, लेकिन चीन यह बात कहते समय यह भूल जाता है कि वह किस प्रकार से भारतीय हितों को चोट पहुंचा रहा है और भारत की सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहा है। दरअसल चीन की असली चिंता भारत को अमेरिका से उच्च व नवीनतम सैन्य प्रौद्योगिकी मिलने के लिए खुलते रास्ते हैं। वह भारत को सैन्य व आर्थिक रूप से मजबूत होते नहीं देखना चाहता। भारत के प्रति उसका सैन्य रुख आक्रामक बना हुआ है। चीन की बढ़ती आक्रामकता की आंच भारत गत तीन साल से लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर महसूस कर रहा है। इस बात का संकेत प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा पर रवाना होने से पहले वॉल स्टीट जर्नल को दिए एक साक्षात्कार में भी दिया था। उनका कहना था कि चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति व स्थिरता जरूरी है।

पीएम मोदी की इस टिप्पणी में चीन को लेकर भारत की चिंता साफ दिखती है। चीन सीमा पर आक्रामक रुख ही नहीं दिखा रहा बल्कि वह भारत के हितों पर चोट पहुंचाने का वह कोई मौका नहीं छोड़ता है। भारत में मोस्ट वांटेड की सूची में शामिल आतंकवादी साजिद मीर को संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के प्रयासों में चीन ने जिस तरह से अड़ंगा डाला उससे साफ है कि वह भारत के हितों के प्रति संवेदनशील नहीं है। वह बार-बार संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के समर्थन में ढाल बनकर खड़ा नजर आता है। इसके साथ ही वह पाकिस्तान को उन्न्त हथियार प्रणालियों से लैस करने में जुटा रहता है। चीन पाकिस्तान का यह गठजोड़ भारत के लिए अहम चुनौती है।

रूस यूक्रेन युद्ध के साथ बदलते भू रणनीतिक समीकरण चीन का रुख भारत के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ज्यों-ज्यों युद्ध लंबा खिंच रहा है, रूस खुद मुश्किलों में घिरता जा रहा है और उसकी चीन के समर्थन पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। रूस पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंध के चलते भारत को हथियारों की आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। भारत के पास आधे से अधिक हथियार प्रणालियां रूसी मूल की हैं। ऐसे में चीन की सैन्य चुनौती का सामना करने के लिए भारत को अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों से अपने रिश्ते मजबूत करना जरूरी हो गया है। वहीं, हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीनी आक्रामकता का सामना करने के लिए पश्चिमी जगत को भी भारत की मदद चाहिए। यानी दोनों को एक-दूसरे की जरूरत है और यह साझा हित ही इस दोस्ती को बुलंदी की ओर ले जा रहे हैं। हालांकि भारत ने रूस के साथ आधी सदी से भी लंबी अपनी दोस्ती को दरकिनार नहीं किया है।

यूक्रेन के खिलाफ उसके सैन्य अभियान की भारत ने कभी सार्वजनिक रूप से निंदा नहीं की। पश्चिमी खेमे के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा। भारत के मध्य एशिया समेत कई देशों में हित रूस के साथ सहयोग से जुड़े हैं। इसलिए भारत रूस से ज्यादा दूर नहीं जा सकता। कम से कम उतना दूर तो नहीं जितनी दूरी अमेरिका या अन्य पश्चिमी देश भारत-रूस के बीच चाहते हैं। यही वजह है कि भारत ने नाटो या नाटो प्लस में शामिल होने से इनकार कर दिया। भारत को रूस व अमेरिका दोनों से दोस्ती की जरूरत है। ऐसे में पीएम मोदी के सामने दोनों देशों के साथ रिश्तों में संतुलन साधना बहुत बड़ी चुनौती है। भारत को चीन-पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से भी निपटना है और खुद को सैन्य रूप से मजबूत भी करना है। पीएम मोदी ने अपनी इस यात्रा के दौरान इस दिशा में भी बहुत ही सधे हुए कदम बढ़ाए हैं। अमेरिका के साथ सैन्य व व्यापारिक सहयोग मजबूत किया है तो साथ ही पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन को लेकर कड़ा प्रहार भी किया है। इसके साथ ही चीन को भी संदेश दिया है कि भारत दबाव में नहीं आएगा। कुल मिलाकर पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा भारत के हितों को सुरक्षित करने में सफल रही है। यह यात्रा दुनिया में भारत का कद बढ़ाने की दिशा में एक अहम पड़ाव साबित होगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

व्यंग्य

# आइए, टिकिट हम देते हैं!


पूरन सरमा
व्यंग्यकार

चुनाव टिकिटार्थियों में मारा-मारी मची हुई है। चुनाव में खड़े होने वाले को पार्टी के नए कायदे-कानून समझाए जा रहे हैं। भीड़ कम करने के लिए स्वच्छ छवि की दुहाई दी जा रही है। जनता में उत्तम छवि तथा सही चरित्र वाले को टिकिट देने की पार्टियां आए दिन घोषणाएं कर रही हैं, लेकिन उत्तम छवि और उत्तम चरित्र वाले घरों में दुबके पड़े हैं। सारे लुच्चे, लफंगे और छंटे हुए असामाजिक तत्व व आपराधिक दागी लाइन में लगे हुए हैं।

गबन-घोटाले तथा सरकारी पूंजी में सेंध लगाने वाले भी इसी भीड़ में हैं, लेकिन मैं इन सबसे बेखबर हूं। मुझे पता है, पार्टी हाईकमान टिकिट फेयर रूप में ऑफर नहीं करेगा तो मैं चुनाव का टिकिट ब्लैक में खरीद लूंगा। उसके दो कारण हैं, एक तो मैं काली कमाई का मालिक हूं। मैंने अकूत सम्पत्ति जा-बेजा तरीके से इकट्ठी कर रखी है और आजकल चुनाव पैसा खर्च करके जीता जाता है। छवियों से चुनाव जीतने का चलन होता तो पता नहीं राजनीति में बेईमान होते भी या नहीं? चुनाव में मैं अपना काला धन पार्टी को देता हूं और चुनाव के समय चुनाव सीमा से हजार गुना धन खर्च करूंगा तो मैं नहीं तो क्या 'आप' का उम्मीदवार जीतेगा। बल्कि मैं तो बिचैलिया भी हूं, पार्टी कार्यालय में बायोडेटा लेकर घूमने के बजाय मुझसे मिलें, टिकिट मैं दिलवाऊंगा। मेरे पास दागी से दागी उम्मीदवार भी टिकिट के लिए सम्पर्क कर सकता है। पार्टी हाइकमान मेरी शक्तियों से भली प्रकार से परिचित हैं। अपने क्षेत्र का नामी-गिरामी लफंगा हूं। पता नहीं कितने मेरे ऊपर अदालत में मामले लंबित हैं और कितनी बार जेल यात्रा कर आया हूं, लेकिन सबमें रिश्वत-कमीशन के बूते पर निर्दोष साबित हुआ हूं। राजनीति में मैंने कोई कच्ची गोलियां नहीं खेली हैं।

चुनाव कोई मिशन तो है नहीं, यह तो एक स्टंट है, जिसे अपनाकर पंद्रह-बीस दिन की भाग-दौड़ से जीता जा सकता है। मेरे एक उम्मीदवार मित्र पिछले दो-तीन माह से बड़े-बड़े बुद्धिजीवियों से अपना बायोडेटा बनवा रहे हैं। मैंने कहा भी कि इन काजगी पुर्जों के चक्कर के बजाय मेरे चक्कर लगाओ, मैं दिलवाऊंगा चुनाव का टिकिट। लेकिन उनके थोड़ा अन्ना का भूत सवार है अतः वे छवि से टिकिट लेने व चुनाव में जीतने में विश्वास रखते हैं। उन्हें पता नहीं है, यह अन्नाओं का या केजरीवालों का युग नहीं है। यह राजनीति विशुद्ध बदमाशों और लफंगों की रणभूमि है, जिसमें यही पैंतरेबाजी काम आती है। पार्टियों के हाइकमान कौन से दूध के धुले हैं। वे कौन से नेहरू, गांधी या पटेल हैं? वे भी हमारे वाले ग्रास रूट से होकर पार्टी में पोजीशन ले सके हैं। उन्हें सब पता है वोटर को कैसे और कौन लुभा सकता है। यह भी पता है कि ये परिवर्तन की बातें करने वाले मतदान करने ही नहीं आते। मतदान के लिए तो भौतिक आडम्बर अपनाकर वोटर को पोलिंग बूथ तक मनुहारपूर्वक ले जाया जाता है और बूथ से निकलते ही सौ जूते और हुक्के पानी पेश किया जाता है। क्योंकि पांच वर्ष तक उसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है।

अभी जो मारा-मारी मची हुई है, उसमें तो मुझे मेरे अकेले दोस्त के सिवा कोई उम्मीदवार दिखाई नहीं दे रहा। यह टिकिट भी सिनेमा के टिकिट की तरह ही होता है। शराफत से मिल जाए तो ठीक वरना वहां खड़े ब्लैक-मेलरों से दुगने-तिगुने अथवा चौगुने दाम पर खरीद लो। इसलिए बाबा एक टिकिट के लिए जूते घिसने से कोई फायदा नहीं है। पार्टी हाईकमान भी टिकिट इसके अलावा वंशवाद के नाम पर देता है।

विधायक अथवा सांसदों के धंधेबाज लाड़ले तिकड़म से मार ले जाते हैं अपना टिकिट। टिकिट या समीकरण या तो मैं जानता हूं या पार्टी के हाइकमान, जो हम लोग परस्पर बैठकर तय कर लेते हैं। इसलिए टिकिट चुनाव का हम देंगे, कोई हमारा जैसा दिलेर हमसे सम्पर्क करे। कृपया साफ छवि वाले हमारी पार्टी से दूर रहें। ऐसे लोगों से माहौल दूषित होता है।



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
मध्य प्रदेश में दलितों पर भाजपा सरकार का अत्याचार चरम पर है। सागर जिले में 10 दलित परिवारों के घर ढहा दिये गए। जो परिवार मजदूरी करने गए थे, बिना कोई सूचना दिए उनकी सारी गृहस्थी तहस-नहस कर दी। पीएम आवास योजना के तहत बने घर भी ढहा दिए।

**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जीवन इस क्रम में बहता है: होना, करना, होना। मुद्दा यह है कि ज्यादातर लोग केवल पाने पर ध्यान केंद्रित करते है।





**जया किशोरी (वक्ता),** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
दुर्भाग्य से सोशल मीडिया पर अच्छा होना वास्तविक जीवन में अच्छा होने से अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

**श्री रवि शंकर,** योग गुरु (लेखक)
@Srisri
जीवन में ध्यान की प्रासंगिकता लगातार स्पष्ट होती जा रही है। आध्यात्मिक उन्नति तो दूर, सामान्य स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी इसकी आवश्यकता है।





**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
हमेशा अपने दिल की सुनें, लेकिन अपने सिर को भी साथ रखना न भूलें।

**नॉलेज कॉर्नर:** राजस्थान की यह मिट्टी पूरे देश में प्रसिद्ध

# ऊन उद्योग में कारगर 'मुल्तानी मिट्टी'

धरातल पर कई प्रकार की मिट्टियां पाई जाती हैं। जलवायु, भौतिक स्वरूप तथा वातावरण के अनुसार इनका रंग व गुण बदल जाता है। भारत में भी विभिन्न प्रकार की मिट्टियां पाई जाती हैं। इन्हीं में से एक है मुल्तानी मिट्टी, जिसका उपयोग सौंदर्य प्रसाधनों के साथ-साथ कई अन्य रूपों में किया जाता है। इसका रंग हल्का पीला, भूरा, हरा तथा स्वभाव चिकना होता है। इन गुणों के कारण इसे त्वचा को निखारने में उपयोगी माना गया है। बात करें इसकी उत्पत्ति की तो पाकिस्तान का मुल्तान शहर इसका मूल स्थान है। यही कारण है कि इसे मुल्तानी मिट्टी कहा गया। विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में मुल्तानी मिट्‌टी के बारे में...

## एक प्रकार की औषधीय मिट्टी

प्रागैतिहासिक काल से औषधीय मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। आज भी विश्व के विभिन्न भागों में रह रहे आदिवासी मिट्टी का बहुतायत में प्रयोग करते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में जिन मिट्टियों का उपयोग किया जाता है, यह भी उन्हीं में से एक है। मुल्तानी मिट्टी स्नान के लिए भी काम में ली जाती है, जिसे 'मड बाथ' भी कहा जाता है। इसके अलावा बेंटोनाइट मिट्टी भी औषधीय मिट्टी मानी जाती है। मुल्तानी मिट्टी का इतिहास ब्रिटेन



से भी जुड़ा हुआ है। यहां ऊनी व मोटे कपड़ों को धोने के लिए इसका प्रयोग किया जाता था। यह कपड़े को फुलाने के लिए काम में ली जाती थी, जिसे फुलिंग प्रक्रिया कहा जाता है। यह ऊन व मोटे कपड़ों से कई बदबूदार अशुद्धियां निकालकर स्वच्छ करने में सहायक है। इसे सभी खनिजों में उच्च माना गया है। यह बॉडी को डिटॉक्स करने में काफी उपयोगी है।

## बाड़मेर में वर्षों से खनन

राजस्थान में सबसे अधिक मुल्तानी मिट्टी का खनन बाड़मेर में किया जाता है। यहां कई वर्षों से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इसकी बढ़ती हुई मांग को देखते हुए अन्य राज्यों में भी इसका निर्यात किया जाता है। बाड़मेर में प्रति वर्ष 20 हजार मीट्रिक टन मुल्तानी मिट्टी का खनन किया जाता है। यहां की जलवायु इसके लिए अनुकूल मानी जाती है। इसलिए यहां से निकलने वाली मिट्टी उच्च गुणवत्ता की मानी जाती है। इसके अलावा बीकानेर में भी इसका खनन किया जाता है, लेकिन विशेषता के अनुसार बीकानेर से निकलने वाली मुल्तानी मिट्टी में कंकड़ मौजूद होते हैं। मुल्तानी मिट्टी में सिलिका, ऑक्साइड व एल्युमिना जैसे तत्वों की अधिकता होती है।

## ऐसे करते हैं उपयोग

बात करें मुल्तानी मिट्टी के उपयोग की तो यह बालों और त्वचा के लिए लाभदायक है। इससे बालों को पोषण मिलता है। यह चर्म विकृति तथा घावों को भी ठीक करती है। शीतलता प्रदान करना इसका मुख्य गुण है। खास बात यह है कि इससे त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता। इसलिए सौंदर्य प्रसाधनों में इसे काम में लिया जाता है।

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

### भाजपा की तेलंगाना में नव संकल्प रैली: विपक्ष की पटना बैठक को लेकर सियासी प्रहार जारी

# प्रधानमंत्री मोदी ने खत्म की देश में वोट बैंक की राजनीति: जेपी नड्डा

एजेंसी | नगरकुरनूल (तेलंगाना)

विपक्षी दलों की गत दिनों पटना में हुई बैठक को लेकर भाजपा की ओर से सियासी हमले जारी हैं। दूसरी ओर बैठक में दिल्ली अध्यादेश को लेकर कांग्रेस के रुख पर सवाल खड़े करने वाली आम आदमी पार्टी पर कांग्रेस नेताओं ने सियासी प्रहार किया है। भाजपा के के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने विपक्षी दलों की बैठक को केवल फोटो सेशन करार देते हुए कहा कि प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी ने वोट बैंक की राजनीति खत्म करने के साथ ही देश में विकास को आगे बढ़ाया है।



नड्डा ने तेलंगाना के नगरकुरनुल में एक सभा में यह बात कही। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह के रुख का समर्थन किया है। शाह ने भी 23 जून को बिहार की राजधानी में विपक्षी दलों की बैठक को 'फोटो सेशन' करार दिया था। 'नव संकल्प सभा' नाम से आयोजित रैली में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में गरीबी दर 22 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। नड्डा ने कहा कि पूर्व में जब भारतीय नेता अमेरिका की यात्रा पर जाते थे, तब चर्चा कश्मीर, पाकिस्तान और आतंकवाद के ईर्द-गिर्द घूमती थी लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान बातचीत के केंद्र में विकास रहता है। नड्डा ने यह आरोप भी लगाया कि राजद, सपा और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) नेता सभी अपनी-अपनी वंशवाद की राजनीति बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### माकन ने साधा आप पर निशाना

**नई दिल्ली।** गत दिनों पटना में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक को लेकर आम आदमी पार्टी पर कांग्रेस के नेताओं ने हमलावर रुख अपनाया हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने उनकी पार्टी पर तंज कसे जाने को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी पर प्रहार किया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि विपक्ष की एकता पर उनका बयान इसे नुकसान पहुंचाने और भाजपा के साथ राजनीतिक सौदेबाज़ी के लिए सोच-समझ कर उठाया गया कदम है।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के लिए केंद्र द्वारा लाये गए अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस से मदद मांगते हैं, वहीं दूसरी ओर राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, और सचिन पायलट सहित कांग्रेस के नेताओं का बेशर्मी से मजाक उड़ाते हैं।

### विपक्षी खेमे में नेतृत्व कोई मुद्दा नहीं: डी राजा

**पटना।** आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा पटना में हुई बैठक पर अलग रुख अपनाने के बाद भाकपा के महासचिव डी. राजा ने कहा है कि यह विपक्षी दलों की एकता के लिए कोई झटका नहीं है। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि कुछ मामलों पर स्वतंत्र राजनीतिक दलों की अलग-अलग राय हो सकती है लेकिन इसका समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी खेमे के नेतृत्व को लेकर अभी कोई मुद्दा नहीं है, लेकिन भाजपा इन मुद्दों को उठा रही है क्योंकि वह 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजे से डरती है। राजा ने इस बात पर जोर दिया कि जो धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक दल एक साथ आए हैं, वे किसी भी मुद्दे पर सामूहिक रूप से निर्णय लेने में सक्षम हैं।

### आप का रुख दुर्भाग्यपूर्ण: दीपांकर

भाकपा (माले) के महासचिव दीपांकर ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस के साथ प्रतिद्वंद्विता के चश्मे से देख रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आप की ओर से आधिकारिक बयान में यह कहना गलत है कि कांग्रेस ने बैठक में अध्यादेश का विरोध करने से इनकार कर दिया।

### परिसीमन मसौदे को लेकर कोई समस्या नहीं: हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि राज्य में निर्वाचन क्षेत्रों की परिसीमन कवायद में कोई समस्या नहीं है, जिसका मसौदा प्रस्ताव पिछले सप्ताह प्रकाशित किया गया था। उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव का विरोध केवल उन लोगों द्वारा किया गया है, जो प्रक्रिया को नहीं समझते हैं या जिन्हें चुनावी हार नजर आ रही है। एक कार्यक्रम से इतर यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, हम एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र हैं, जहां निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण सभी की भलाई को ध्यान में रखकर किया जाता है। आरक्षण एक विशिष्ट समुदाय की जनसंख्या के आधार पर किया जाता है। असम में विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया में कोई समस्या नहीं हुई है। शर्मा ने कहा, केवल कुछ लोग आसन्न चुनावी हार के चलते इसके खिलाफ शोर मचा रहे हैं।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे सुधाकरन

**कन्नूर (केरल)।** कांग्रेस की केरल इकाई के अध्यक्ष के. सुधाकरन ने रविवार को कहा कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और आलाकमान की इच्छा के अनुसार प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। सुधाकरन ने यह भी कहा कि वह माकपा के प्रदेश सचिव एम.वी. गोविंदन के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेंगे। सुधाकरन ने धोखाधड़ी के उस मामले में अपनी गिरफ्तारी के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष पद छोड़ने की पेशकश की थी, जिसमें प्राचीन वस्तुओं का विवादास्पद स्वयंभू डीलर एम. मावुंकल मुख्य आरोपी है।

### मणिपुर के सीएम की गृह मंत्री शाह से मुलाकात

# राज्य में हिंसा अब काफी हद तक काबू में: बीरेन

एजेंसी | नई दिल्ली

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य में बदलती स्थिति के बारे में जानकारी दी और कहा कि राज्य और केंद्र सरकारें हिंसा को काफी हद तक नियंत्रित करने में कामयाब हुई हैं। इंफाल से रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे सिंह, शाह से मिलने उनके आवास पर गए।

सिंह ने ट्वीट किया, रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और मणिपुर में जमीनी स्तर पर बदलती स्थिति के बारे में जानकारी दी। अमित शाह की करीबी निगरानी में, राज्य और केंद्र सरकार पिछले सप्ताह में काफी हद तक हिंसा को नियंत्रित करने में कामयाब हुई है। सिंह ने कहा कि 13 जून के बाद से हिंसा के कारण किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार मणिपुर में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। शाह ने हमें स्थायी शांति की दिशा में अपने काम को पुख्ता करने की सलाह दी।



### मणिपुर जल रहा है, पीएम 'चुप' हैं: जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मणिपुर में हिंसा के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि एक ओर पूर्वोत्तर राज्य जल रहा है तो दूसरी ओर पीएम नरेन्द्र मोदी चुप हैं, गृह मंत्री अमित शाह निष्प्रभावी हैं और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह अकर्मण्य हैं। रमेश ने मणिपुर में शांति को लेकर हरकिशन सिंह सुरजीत भवन में आयोजित सम्मेलन में यह बात कही। इस सम्मेलन को विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने संबोधित किया। रमेश ने ट्वीट किया कि उन्होंने समान विचारधारा वाले 10 राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लिया।



### महिलाओं ने सैन्य टुकड़ी को घेरा

**इंफाल/कोलकाता।** इंफाल ईस्ट के इथम गांव में महिलाओं के नेतृत्व वाली भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच गतिरोध के बाद सेना ने नागरिकों की जान जोखिम में न डालने का फैसला लिया और बरामद किए गए हथियारों व गोला-बारूद के साथ वहां से हट गई। इथम में महिलाओं के नेतृत्व में 1,500 लोगों की भीड़ ने सेना की टुकड़ी को घेर लिया था और उसे अभियान को अंजाम देने से रोका था। सुरक्षा बलों ने इथम गांव को शनिवार को घेर लिया था, जहां प्रतिबंधित उग्रवादी समूह कांगलेई योल कान-ना लुप (केवाईकेएल) के 10 से अधिक सदस्य छिपे हुए थे। इस कार्रवाई के बाद भीड़ और सैनिकों के बीच गतिरोध उत्पन्न हुआ था।

### प्रत्याशी चयन के लिए करवा रहे हैं सर्वे: कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने रविवार को कहा कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी एक स्वतंत्र सर्वेक्षण करा रही है, जिससे राज्य में पार्टी उम्मीदवारों के चयन में मदद मिलेगी। पार्टी उम्मीदवारों के चयन में स्थानीय लोगों की राय को महत्व देगी। कमलनाथ ने यहां संवाददाताओं से कहा, इस चुनाव के लिए टिकट फॉर्मूला तैयार है। टिकट के लिए तेरा-मेरा नहीं चलेगा। सर्वे एवं स्थानीय लोगों की राय के आधार पर टिकट तय किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, हम स्वतंत्र सर्वेक्षण कर रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी भी अपने स्तर पर एक सर्वेक्षण कर रही है। इसमें हम स्थानीय लोगों की राय को महत्व देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि टिकट वितरण की कोई भी प्रक्रिया आम सहमति के आधार पर पूरी नहीं की जा सकती क्योंकि चुनाव लड़ने की चाहत रखने वाला कोई व्यक्ति नहीं कहता कि वह हारने वाला है, सभी दावा करते हैं कि वे जीतने वाले हैं।

### भाजपा का कांग्रेस पर सियासी हमला

# आपातकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकता



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने रविवार को आपातकाल के काले दिनों को याद करते हुए उन दिनों को देश के इतिहास का ऐसा कालखंड बताया, जो संवैधानिक मूल्यों के ''बिल्कुल विपरीत था। अमित शाह, राजनाथ सिंह, अनुराग ठाकुर, किरेन रीजीजू, स्मृति ईरानी, प्रह्लाद जोशी, नितिन गडकरी और अर्जुन राम मेघवाल सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की 48वीं बरसी पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व ने राष्ट्रीय हित से ऊपर एक परिवार के अहंकार को ध्यान में रखते हुए लाखों लोगों को रातों-रात जेल में डाल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, मैं उन सभी साहसी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और हमारी लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। आपातकाल के काले दिन हमारे इतिहास का वह कालखंड हैं, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। यह हमारे संवैधानिक मूल्यों के बिल्कुल विपरीत था। ज्ञात रहे कि भाजपा ने आपातकाल को लेकर ऐसे समय हमला बोला है, जब कुछ दिनों पहले कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने पटना में मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आपातकाल, कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का प्रतीक और कभी न मिटने वाला कलंक है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज भारत में लोकतंत्र उन लोगों के योगदान के कारण जीवित है, जिन्होंने आपातकाल के दौरान संघर्ष किया, जेल गए और यातनाएं सहीं। भारत की आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान को कभी नहीं भूल सकतीं।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, कहा...

# मुफ्त चावल वितरण योजना को हर हालत में किया जाएगा लागू

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि चाहे कुछ भी हो कर्नाटक की कांग्रेस सरकार 10 किलोग्राम मुफ्त चावल वितरण की अपनी योजना को जल्द से जल्द लागू करेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि यह कर्नाटक के दुर्भाग्य के अलावा और कुछ नहीं है कि पीएम मोदी राज्य के गरीबों को उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मतदान करने के वास्ते दंडित कर रहे हैं।

### भ्रष्टाचार में लिप्त थी भाजपा सरकार



**सांगली (महाराष्ट्र)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए रविवार को दावा किया कि उन्होंने अपने 40 साल के राजनीतिक सफर में कभी ऐसे प्रधानमंत्री नहीं देखे जो 'झूठ' बोलते हों। महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक जनसभा में सिद्धरमैया ने भाजपा पर उनके राज्य में भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाया। इस जनसभा में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने उन्हें सम्मानित किया।

### प.बंगाल: एसईसी ने की राज्यपाल से मुलाकात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले हिंसा के मामलों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त राजीव सिन्हा ने यहां राजभवन में राज्यपाल सी वी आनंद बोस से रविवार को मुलाकात की। इससे पहले पंचायत चुनाव के लिए नामंकन के दौरान हत्या,हिंसा और झड़प की घटनाओं पर पूछताछ के लिए सिन्हा को तलब किया गया था लेकिन वह बोस के समक्ष पेश नहीं हुए थे। बोस ने पहले से कदम नहीं उठाने के लिए एसईसी की आलोचना की थी और कहा था कि सिन्हा पर जो भरोसा किया गया, उन्होंने उसे तोड़ा है।

### पंचायत चुनाव... सुरक्षा उपाय

*नाडिया। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले रविवार को नाडिया जिले में ऐहतियात के रूप मे रूट मार्च करते सुरक्षा बल के जवान।*



### लोकसभा चुनाव को लेकर बीआरएस ने किया अपना रुख साफ

# भाजपा के खिलाफ लड़ाई मुद्दों पर आधारित होनी चाहिए: KT रामा राव

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ाई देश के समक्ष उपस्थित प्रमुख मुद्दों पर आधारित होनी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा लगता है कि वे सत्ता से किसी को बेदखल करने को लेकर जुनूनी हो गए हैं।

पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा आयोजित विपक्षी दलों की बैठक के कुछ दिन बाद उनका यह बयान आया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव के बेटे एवं राज्य के मंत्री राव ने कहा कि उनकी



पार्टी देश के कल्याण से जुड़े मूल सिद्धांतों के मुद्दे पर कभी समझौता नहीं करेगी, वह केवल उन राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करेगी जिनका एजेंडा लोगों के हित के लिए काम करना हो। राव ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ऐसा लगता है कि हम किसी को हटाने या किसी को वहां बैठाने को लेकर जुनूनी और चिंतित हैं। एजेंडा यह नहीं होना चाहिए। एजेंडा यह होना चाहिए कि देश की बुनियादी प्राथमिकताओं को कैसे पूरा किया जाए। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ एकजुटता के लिए विपक्षी दलों की बैठक के बारे में पूछे जाने पर राव ने कहा, आपको किसी के खिलाफ एकजुट नहीं होना चाहिए। आपको किसी चीज के लिए एकजुट होना चाहिए। वह क्या है, कोई भी समझ नहीं पा रहा है। बीआरएस विपक्षी दलों की इस बैठक में शामिल नहीं हुई थी।

### BRS अपने दम पर चुनाव लड़ने को तैयार

राम राव ने संकेत दिया कि बीआरएस अपने दम पर वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार है और वह बड़ी संख्या में सीट जीतने का लक्ष्य रखते हुए एक प्रभावशाली शुरुआत करने की कोशिश करेगी। ज्ञात हो कि तेलंगाना में पिछले दो विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाली तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदलकर पिछले अक्टूबर में भारत राष्ट्र समिति रखा गया था। दो महीने बाद इसे एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में पंजीकृत किया गया। राज्य में अगला विधानसभा चुनाव इस साल के अंत तक होना है।

### कांग्रेस-BJP आधारित मोर्चा नहीं होगा सफल

राम राव ने कहा कि कांग्रेस या भाजपा को आधार बनाकर कोई भी संयुक्त मोर्चा सफल नहीं होगा, क्योंकि ये राष्ट्रीय पार्टियां देश के लिए आपदा साबित हुई हैं। राव ने स्पष्ट किया कि राजनीतिक दलों को सैद्धांतिक कल्याण के एजेंडे पर एकजुट होना चाहिए जो देश के लिए मायने रखता है। आज देश के लिए जो मायने रखता है वह रोजगार, किसानों की समृद्धि, सिंचाई और ग्रामीण आजीविका का सृजन है।

### देश के पिछड़ने की जिम्मेदार भाजपा-कांग्रेस

राव ने दावा किया कि देश के पिछड़ने और पिछले 75 वर्षों में उतनी प्रगति ना होने के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों जिम्मेदार हैं। नया राज्य होने के बावजूद तेलंगाना ने बहुत कम समय में काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि बीआरएस भारत के विकास में बाधा डालने वाले दलों का विरोध करती है। वे दो प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस हैं। कांग्रेस ने 50 साल तक शासन किया, जबकि भाजपा ने 15 साल तक। अगर दोनों ने ठीक से काम किया होता तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

### KCR का दो दिवसीय महाराष्ट्र दौरा आज से

**औरंगाबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव सोमवार से महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह पंढरपुर और तुलजापुर की यात्रा करेंगे। भारत राष्ट्र समिति के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। राव सोमवार को उस्मानाबाद जिले के ओमेरगा पहुंचेंगे और फिर सोलापुर के लिए रवाना होंगे। वह मंगलवार को सोलापुर के पंढरपुर में भगवान विट्ठल के मंदिर जाएंगे और पूजा-अर्चना करेंगे।

जरूरी खबर

## सीतारमण ने ओबामा के बयान की आलोचना की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को लेकर दिए गए बयान की शनिवार को कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ओबामा का बयान आश्चर्यजनक है क्योंकि जब वह शासन में थे तब छह मुस्लिम बहुल देशों को अमेरिकी 'बमबारी' का सामना करना पड़ा था। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 13 देशों ने अपने शीर्ष सम्मान से सम्मानित किया है जिनमें से छह मुस्लिम बहुल देश हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों की ओर से अल्पसंख्यकों के प्रति व्यवहार को लेकर आधारहीन आरोप लगाने के लिए संगठित अभियान चलाया जा रहा है क्योंकि वे मोदी के नेतृत्व में भाजपा को चुनावी मैदान में नहीं हरा सकते।

## बंगाल: मालगाड़ी ने दूसरी मालगाड़ी को मारी टक्कर



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के ओंडा में रविवार सुबह एक मालगाड़ी दूसरी खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। हालांकि हादसे से एसईआर के आद्रा मंडल में रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। तड़के करीब चार बजे हुई टक्कर के कारण आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। मरम्मत का काम करने के बाद इस मार्ग पर सुबह साढ़े आठ बजे सेवाएं बहाल हो पाईं। उन्होंने बताया कि मालगाड़ी के चालक ने संभवतः सिग्नल की अनदेखी की।

## अमेरिका के आठ उत्पादों से सीमा शुल्क हटेगा

**नई दिल्ली।** भारत, अमेरिका से आयात होने वाले चना, दाल और सेब समेत आठ उत्पादों से सीमा शुल्क हटाएगा। भारत ने इन पर सीमा शुल्क 2019 में लगाया था जब अमेरिका ने इस्पात और एल्युमिनियम के कुछ उत्पादों पर शुल्क बढ़ा दिया था। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देश विश्व व्यापार संगठन के छह विवादों को खत्म करने और अमेरिका के उत्पादों पर प्रतिशोध स्वरूप लगाए गए शुल्कों को हटाने पर सहमत हुए थे।

## अल हकीमी मस्जिद पहुंचे पीएम मोदी... संवाद और सम्मान



*काहिरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मिस्र की राजधानी काहिरा में अल हाकिमी मस्जिद का अवलोकन किया और मुस्लिम समुदाय के लोगों से बातचीत की। उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान मिस्र व फिलस्तीन में लड़ाई के दौरान शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां पहुंचने पर पीएम मोदी का लगे लगकर स्वागत किया गया। -पीटीआई*

### आपसी सहयोग के कई समझौतों पर हस्ताक्षर

# भारत-मिस्र में अब रणनीतिक साझेदारी, रक्षा सहयोग बढ़ेगा

एजेंसी । काहिरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के बीच राजनीतिक एवं सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर हुई व्यापक बातचीत के बाद रविवार को भारत और मिस्र ने अपने संबंधों को नई गति प्रदान करते हुए उन्हें रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ा दिया।

पीएम मोदी ने अल-सिसी के साथ आमने-सामने की बातचीत की और इस दौरान उन्होंने क्षेत्र तथा विश्व में हो रहे महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की समीक्षा की। यह 26 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मिस्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। मोदी और अल-सिसी ने रक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश संबंधों पर व्यापक बातचीत के बाद रणनीतिक साझेदारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।



### जी-20 शिखर सम्मेलन का दिया न्योता

प्रधानमंत्री ने अल-सिसी को सितंबर में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण भी दिया। मोदी और अल-सिसी ने जी-20 में आगे के सहयोग पर भी चर्चा की, जिसमें खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक दक्षिण के लिए एक ठोस आवाज उठाने की आवश्यकता के मुद्दों पर प्रकाश डाला गया

### अल-हाकिम मस्जिद का किया दौरा

मोदी ने 11वीं सदी की ऐतिहासिक अल-हाकिम मस्जिद का भी दौरा किया, जिसका दाऊदी बोहरा समुदाय की मदद से जीर्णोद्धार किया गया था। । प्रधानमंत्री ने हेलियोपोलिस राष्ट्रमंडल युद्ध कब्रिस्तान का भी दौरा किया जहां उन्होंने प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान मिस्र में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मिस्र के समकक्ष मुस्तफा मैडबौली ने काहिरा के बाहरी क्षेत्र में गीज़ा के पिरामिडों का भी दौरा किया।

### मिस्र के मुफ्ती ए आजम से मुलाकात

प्रधानमंत्री ने शनिवार को, मिस्र के मुफ्ती ए आजम शॉकी इब्राहिम अब्देल-करीम अल्लम से मुलाकात की, और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने तथा चरमपंथ एवं कट्टरपंथ का मुकाबला करने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। मोदी ने मिस्र में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की जिन्होंने उन्हें भारत का नायक बताया।

## 6.5% रहेगी जीडीपी वृद्धि दर

एजेंसी । मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का भरोसा जताया है।

उन्होंने कहा कि हमने सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद वृद्धि दर का अनुमान लगाया है और इसे हासिल करने की हमें पूरी उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व आगे नीतिगत दर में कुछ और वृद्धि करता है तो उससे रुपए की विनिमय दर पर असर पड़ने की



आशंका नहीं है। साथ ही सेवा निर्यात बेहतर रहने से चालू खाते का घाटा प्रबंधन योग्य दायरे में रहेगा। रिजर्व बैंक ने इस महीने पेश मौद्रिक नीति समीक्षा में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने के अनुमान को बरकरार रखा है। हालांकि, यह अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के इस साल अप्रैल में जताये गये 5.9 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान से कहीं अधिक है। वहीं रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने ताजा अनुमान में चालू वित्त वर्ष के लिये भारत की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। दास ने यहां आरबीआई मुख्यालय में पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, जीडीपी वृद्धि दर को लेकर हमने संतुलित रुख लिया है।

## असम-मिजोरम: 35 करोड़ रु. के मादक पदार्थ जब्त

एजेंसी । गुवाहाटी

असम और मिजोरम में करीब 35 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। असम के गुवाहाटी और कामरूप जिले में रविवार को मणिपुर के दो लोगों के पास से बरामद 18 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त करने के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया है। मिजोरम के मामित शहर में 17 करोड़ रुपये मूल्य की 3.47 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। असम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि असम पुलिस के विशेष कार्य बल के जवानों ने कामरूप पुलिस के साथ मिलकर दो तस्करों के वाहन का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। एसटीएफ के डीआईजी ने बताया कि मणिपुर स्थित एक समूह द्वारा असम में मादक पदार्थों की खेप लेकर आने की सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

### मानसून ने कई राज्यों में दी दस्तक

## हिमाचल: बादल फटा भारी बारिश में दो मरे

एजेंसी । शिमला/हमीरपुर

महाराष्ट्र, दिल्ली व मध्य प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। इस हिमाचल प्रदेश, पंजाब हरियाणा में बारिश हुई। हिमाचल के सोलन और हमीरपुर जिलों में रविवार को बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई, जबकि शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में भारी बारिश के कारण हुई घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई।

बाढ़ और भारी बारिश के कारण फसलों को नुकसान पहुंचा तथा मकान और वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा बाढ़ के पानी में कई मवेशी बह गए। बादल फटने के बाद हमीरपुर जिले के सुजानपुर उपमंडल के खीरी क्षेत्र में चार मकानों में पानी घुस गया और पंचायत भवन को भी नुकसान पहुंचा। ताजा जानकारी के मुताबिक, खनुअली गांव के पास ब्यास नदी के पानी में छह लोग फंस गए हैं और नदी में पानी के तेज बहाव के कारण धौलासिद्ध ऊर्जा परियोजना की लाखों रुपए की मशीनरी बह गई है। एक प्रवक्ता ने कहा कि फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए होम गार्ड, पुलिस और भारतीय रिजर्व बटालियन की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं।

### असम: स्थिति गंभीर, 4 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति रविवार को भी गंभीर बनी रही और बाढ़ से नौ जिलों में चार लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। हालांकि बाढ़ का पानी अब धीरे धीरे कम होने लगा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की पहली लहर में तीन लोगों की जान गई है। एएसडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ से बक्सा, बारपेटा, दरांग, धुबरी, गोलपारा, कामरूप, लखीमपुर, नलबाड़ी और उदलगुरी जिलों में 4,07,700 लोग प्रभावित हुए हैं।



*पंचकुला। हरियाणा के पंचकुला में घग्घर नदी के पानी में फंसी एक कार से महिला को निकालने में जुटे लोग। -पीटीआई*

### पीओके में प्रभुत्व बढ़ाने की कवायद में जुटा चीन

# एलओसी पर रक्षा ढांचे के निर्माण में पाकिस्तान की मदद कर रहा ड्रेगन

एजेंसी । नई दिल्ली

चीन, पाकिस्तानी सेना को मानव रहित विमान और लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने, संचार टावर स्थापित करने और नियंत्रण रेखा पर भूमिगत केबल बिछाने के अलावा रक्षा बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद कर रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, यह पाकिस्तान के सदाबहार मित्र के रूप में चीन की स्थिति को और मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। साथ ही पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर बढ़ते चीनी परिक्षेत्रों और क्षेत्र में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा सड़क तथा जल विद्युत परियोजनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित



करने के बहाने भी ऐसा किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि हाल ही में विकसित 155 मिमी ट्रक-माउंटेड हॉवित्जर तोप एसएच-15 को पिछले साल पाकिस्तान दिवस पर प्रदर्शित किए जाने के बाद नियंत्रण रेखा के पास कुछ स्थानों पर देखा गया है। पाकिस्तान ने 236 एसएच -15 की आपूर्ति के लिए चीनी फर्म नॉर्थ इंडस्ट्रीज ग्रुप कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नोरिनको) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हें 'शूट एंड स्कूट' तोपखाना हथियार के रूप में जाना जाता है। लंदन स्थित जेन्स डिफेंस पत्रिका के अनुसार, पहले जत्थे की आपूर्ति जनवरी 2022 में की गई थी।

### जारी है भूमिगत बंकरों का निर्माण

अधिकारियों ने कहा कि हालांकि अग्रिम चौकियों पर पीएलए के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी नहीं पाई गई, जैसा कि 2014 में पता चला था, लेकिन पकड़े गए कुछ संदेशों से पता चला है कि चीनी सैनिक और इंजीनियर एलओसी पर भूमिगत बंकरों के निर्माण सहित बुनियादी ढांचे की स्थापना कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि सेना ने आधिकारिक तौर पर इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है लेकिन खुफिया एजेंसियों को लगातार जानकारी दी जा रही है।

### लेपा घाटी में सड़क बनाने के लिए खोद रहे हैं सुरंगें, काराकोरम राजमार्ग पर पहुंचाएगी

अधिकारियों ने संकेत दिया कि चीनी विशेषज्ञ हर मौसम में खुली रहने वाली सड़क बनाने की तैयारी के लिए पीओके में स्थित लीपा घाटी में कुछ सुरंगें खोद रहे हैं, जो काराकोरम राजमार्ग तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में काम करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, चीनी सेना की उपस्थिति बीजिंग के 46 अरब डॉलर के सीपीईसी के कारण है, जिसके तहत कराची में ग्वादर बंदरगाह को काराकोरम राजमार्ग के माध्यम से चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ा जाएगा। काराकोरम राजमार्ग चीन के अवैध कब्जे वाला क्षेत्र है।

### भारत ने पूर्व में जताई थी आपत्ति

भारत ने अतीत में गिलगित और बाल्टिस्तान क्षेत्रों में चीनियों की मौजूदगी पर कड़ी आपत्ति जताई है और अधिकारियों ने कहा कि सेना सीमा पार से किसी भी चाल को विफल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारत और पाकिस्तान 25 फरवरी, 2021 से युद्धविराम का पालन कर रहे हैं।

### भारत के साथ संतुलन साधने के लिए हथियारों की आपूर्ति

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में चीनी अध्ययन के प्रोफेसर श्रीकांत कोंडापल्ली का मानना है कि पाकिस्तान को हथियारों का हस्तांतरण क्षेत्र में चीन के हितों को सुरक्षित करने की एक योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय प्रभुत्व नीति को अपनाकर भारत को संतुलित करने के अपने अक्सर घोषित रुख के अनुरूप, बीजिंग ने पाकिस्तान को अपने हथियारों की आपूर्ति बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, काराकोरम राजमार्ग के विस्तार के अलावा, चीन ने अपनी जल-विद्युत परियोजनाओं और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए पीओके में अनुमानित 36,000 'सुरक्षा गार्ड' भेजे हैं। कोंडापल्ली ने कहा कि चीन पीओके में समृद्ध समाज वाले गांवों का भी निर्माण कर रहा है।

**फ्यूजन-2023: बस्कर्स के एनुअल फंक्शन में 400 डांसर्स ने मंच पर दी प्रस्तुति**

# डांस में उजागर की सरबजीत और उसकी बहन की मर्मस्पर्शी दास्तां

बेधड़क | जयपुर

स्टेज पर डांस हुक्स में हिप-हॉप, कंटेम्परेरी, फ्री स्टाइल और लेटेस्ट तकनीकी स्टेप्स देखकर हर कोई रोमांचित हो उठा। पूरा ऑडिटोरियम हूटिंग से गूंजामय था। स्टेज पर डांसर्स एक से बढ़कर एक प्रस्तुति लेकर आ रहे थे और सामने बैठे परिजन व साथी अपनी सीट्स से उठकर उनके लिए हूटिंग कर रहे थे।

यह एनर्जेटिक माहौल था बस्कर्स डांस इंस्टीट्यूट के 28वें एनुअल फंक्शन फ्यूजन-2023 का, जो तीन चरणों में हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न ब्रांचेज के 4 से 25 साल के 400 डांसर्स ने हिस्सा लिया। इनको तीन महीनों से ट्रेनिंग दी जा रही थी। मुख्य टीम की ओर से 2 प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें एक में सालसा खास रहा तो दूसरी में बहुचर्चित हिप हॉप मूवमेंट्स का प्रदर्शन देखा गया। मंच एक मर्मस्पर्शी बेगुनाह कैदी सबरजीत की कहानी दिखाई गई, जिसमें कैद से मौत तक 22 साल की दर्दनाक दास्तां सामने आई। इस परफॉर्मेंस में 13 से 15 वर्ष के बच्चों ने से कहानी सुनाने का प्रयास किया। 22 साल चली एक बहन की लड़ाई अपने बेगुनाह भाई को वापिस अपने देश लाने के लिए थी। इस कहानी को डांस के जरिए बच्चों ने स्टेज पर रखा। वहीं 5 से 10 साल के डांसर्स ने सिंगिंग शो "हसल" से चर्चित हुए कलाकारों के गानों पर स्टाइलिश अंदाज में प्रस्तुत किया।







### उम्र नहीं बनी बाधा

वहीं एक प्रस्तुति में उम्र को पीछे छोड़ते हुए 30 -50 वर्ष की महिलाओं ने डांस से खुद को साबित किया। कार्यक्रम की रूप रेखा बृजेश सक्सेना, हेमेंद्र सिंह गजावत, किशन सिंह गजावत, मोनेंद्र आचार्य व भवानी सिंह गजावत ने तैयार की। नृत्य निर्देशकों व प्रस्तुति में किशन सिंह कच्छावा, अनुज जैन, अंकुश ओझा, प्रणय माथुर, खुशाल सिंह, यश राजोरिया, विश्वास वर्मा, निखिल चौहान, प्रेम हल्दुनिया, पारुल सोनी, रोहित सैनी, राम शर्मा, अर्जुन, चेतन कुमावत, अंशिका शर्मा, चेतन शर्मा, अक्षय बोहरा, कुणाल हाड़ा, सागर बारी, निलेश कुलदीप, आकाश मिश्रा, सौरभ मीना, मुस्कान, उदिता, गुंजन, जीत ने योगदान दिया।

## साइकिल रैली से रक्तदान का संदेश

**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय सीए सस्थांन के 75वें स्थापना दिवस पर जयपुर शाखा की ओर से ब्लड डोनेशन ड्राइव के तहत साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। सेंट्रल कॉउन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा ने बताया कि ज्ञान चन्द यादव डीसीपी ईस्ट ने साइकिल रैली को रवाना किया। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने कहा कि सीए दिवस पर 1 जुलाई को जयपुर शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सीकासा अध्यक्ष जयपुर शाखा सीए विकास यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए पीपी पारीक, जज सीए पूजा अग्रवाल और सीए अनामिका गुप्ता ने प्रतियोगिया में विजयी छात्रों को सम्मानित किया।



## चुग्गा-चारा डाल दिखाई 'दया'

**बेधड़क. जयपुर।** महावीर भवन मानसरोवर युवा प्रकोष्ठ द्वारा मानसरोवर श्री संघ की प्रेरणा से रविवार को जीवदया कार्यक्रम के तहत समाज के युवाओं ने पक्षियों को चुग्गा डाला तथा प्रताप नगर, सांगानेर स्थित पिंजरापोल गोशाला में गायों को चारा खिलाया। कार्यक्रम प्रभारी चिराग लोढ़ा, महावीर भवन मानसरोवर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिषेक जैन, उपाध्यक्ष आकाश दूनीवाल, मंत्री डॉ. विनोद जैन, सहमंत्री पुनीत सिंघवी, कोषाध्यक्ष अजय जैन सहित युवाओं ने परिवार संग भाग लिया।



## डांस में दिखाए हुक शॉट



**जयपुर।** बेंगा बॉयस डांस एकेडमी की ओर से रविंद्र मंच पर ब्लेंड शो 2023 आयोजित किया गया, जिसमें कुल 13 परफॉर्मेंस हुई। डांसर स्नेह ने हिप हॉप कंटेंपरेरी और हुक शॉट दिखाए। साथ ही घूमर, काल्यो कूद पड्यो जैसे गानों पर भी डांस किया।

## शिविर में लिया चिकित्सा लाभ



**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की ओर से रविवार को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श व जांच शिविर का आयोजन अग्रवाल फार्म मानसरोवर स्थित पल्लीवाल जैन भवन में किया गया। शिविर का उद्घाटन सुमेरू चंद जैन (रि.डीईओ) ने किया। शिविर में इंडस हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। करीब 100 व्यक्तियों ने परामर्श लिया व नि:शुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी जांच कराई। शिविर समापन पर राजेन्द्र प्रसाद जैन (अध्यक्ष), मनोज कुमार जैन (मंत्री), अनिल कुमार जैन (अर्थमंत्री) व अन्य द्वारा चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

## सुंदर और संदीप क्वालीफाई



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान के सुंदर गुर्जर और संदीप चौधरी पेरिस में होने वाली वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दिव्यांग पैरा स्पोट् र्स एसोसिएशन के सचिव हिम्मत गुर्जर ने बताया कि संदीप चौधरी एफ-44 और सुंदर गुर्जर एफ -46 कैटगरी में दावेदारी पेश करेंगे।

## विकास कार्यों का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** मालवी विधायक कालीचरण सराफ ने 4 वार्डों 128,129,133,143 में विकास कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। वार्ड 128 अध्यक्ष सुधीर सोनी ने बताया कि मुक्तानंद नगर कॉलोनी में विधायक कोष से 21 लाख के सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। वार्ड 133 पार्षद रमेश सैनी ने बताया कि विधायक कोष से 30 लाख की लागत से सड़कों का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। धनराज कुमावत ने बताया कि वार्ड 143 स्वेज फार्म राम नगर विस्तार में विधायक कोष से 10 लाख से सड़कों का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। वार्ड 129 पार्षद महेश सैनी ने बताया कि कैलाशपुरी मिलाप नगर में स्थानीय लोगों ने सीसीटीवी कैमरों की मांग की। इस पर सराफ ने विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की घोषणा की। इस मौके पर स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

# City इवेंट्स

## प्रशिक्षणार्थियों का किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ झोटवाड़ा के तत्वावधान में चल रहे अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को हुआ। शिविर में 115 संभागीयों ने डांस, पेंटिंग, सिलाई, इंटीरियर डेकोरेशन, जूड़ो कराटे, मेहंदी, इंग्लिश स्पीकिंग, स्केटिंग, ब्यूटीशियन और कंप्यूटर का अभिरुचि कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि गोवर्धन लाल देवत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी झोटवाड़ा ग्रामीण तथा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर एसपी यादव, विशिष्ट अतिथि ऋतु शर्मा सीओ गाइड जयपुर और ओम कंवर राठौड़ प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड थे। कार्यक्रम मे नवदत्त सिंह सचिव स्थानीय संघ झोटवाड़ा, पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ सहायक सचिव, कालूराम यादव कोषाध्यक्ष, जितेंद्र सैनी, सुभाष सैनी, देवेंद्र कुमार जांगिड़ और प्रशिक्षण दल के सभी सदस्य तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## आरसीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** विधानसभा नगर स्थित सागर एनक्लेव के निवासियों को जर्जर सड़क की समस्या से जल्द ही निजात मिल जाएगी। वार्ड 74 की पार्षद हेमा सिंघानिया, कांग्रेस नेता और जनसेवक पुष्पेन्द्र भारद्वाज तथा जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील सिंघानिया ने रविवार को आरसीसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री महावीर गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## रिकॉर्ड होल्डर्स का महासमागम



**बेधड़क. जयपुर।** इंफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने सौ रिकॉर्ड धारियों का एक समागम जयपुर में आयोजित किया। आयोजक जयेश भट्ट और महिमा जैन ने बताया कि कार्यक्रम में एक सुई और पेंसिल पर सबसे छोटे टरबन के निर्माण का रिकॉर्ड बनाने वाले कृष्ण चंद, लाइव स्केच पेंटिंग के माध्यम से अद्वितीय प्रतिभा प्रदर्शित करने वाली बिनू प्रजापति और तेज चालू चित्रकारी कौशल से दर्शकों को आश्चर्यचकित करने वाली नूरजहां जैसे अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। एमएपी स्कूल की संस्थापक कांता गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन विशेष व्यक्तित्वों को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने, अपने अनुभवों का साझा करने और दूसरों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने का मंच था।

**वकील साहिबा की स्टार कास्ट ने शेयर किए अनुभव**

# 'स्टेज' पर स्ट्रीम हुआ बचपन में दुल्हन बनी लड़की का संघर्ष




बेधड़क | जयपुर

ओटीटी प्लेटफॉर्म स्टेज एप की नई राजस्थानी वेब सीरीज वकील साहिबा का प्रीमियर किया गया। झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर इस वेब सीरीज को स्क्रीनिंग के साथ रिलीज किया गया। इस मौके पर सीरीज की स्टारकास्ट के साथ स्टेज एप के ऑफिशियल मेंबर्स और राजस्थानी आर्टिस्ट्स उपस्थित रहे। सीरीज में बाल विवाह से जूझती लड़की का संघर्ष दिखाया है। डायरेक्शन और स्क्रिप्ट राइटिंग गजेंद्र शंकर श्रोत्रिय ने किया है।

कहानी की लीड एक्ट्रेस अपूर्वा चतुर्वेदी व लीड एक्टर संवद भट्ट हैं। इनके अलावा रमन मोहन कृष्णात्रेय, जया पांडे, अंजली त्रिपाठी, विशा पराशर, तपन भट्ट, अमित मेहरा, आकाश जोशी, मनीष कसाना ने शानदार काम किया है। डीओपी पुनीत धाकड़, एडिटर और असिस्टेंट डायरेक्टर दीपांशु गुप्ता और म्यूजिक राजीव थानवी का है। सीरीज की शूटिंग मुख्यत जयपुर और आसपास के इलाके में हुई है। स्टेज के हैड ऑफ मार्केटिंग कुणाल कुमरावत का कहना है, कि सिनेमा के क्षेत्र में जो क्रांति स्टेज ऐप ने शुरू की है वह आने वाले समय में राजस्थान में सिनेमा का रुख बदल देगी। साथ ही उभरते राजस्थानी कलाकारों को एक से बढ़कर एक अवसर देगी। हमारा उद्देश्य है कि राजस्थानी कलाकारों को बड़े शहरों में काम ढूंढने के नाम पर स्ट्रगल न करना पड़े।

**श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में कल्चर कैंप का टैलेंट-डे**

# बच्चों ने दी गीता श्लोक वाचन भजन और संकीर्तन की प्रस्तुति



बेधड़क | जयपुर

जगतपुरा स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में कल्चर कैंप का टैलेंट-डे आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकुट बिहारी और मुक्ता गोयल निर्देशक स्मिलैक्स फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड व मंजू राजपाल थे। कैंप में बच्चों ने भगवद गीता पर आधारित नैतिक शिक्षाएं सीखीं। इसके साथ ही उन्हें सदाचार, मन की एकाग्रता सहित कई अन्य चीजें भी सिखाई गईं। अंतिम दिन टैलेंट-डे पर कल्चर कैंप के बच्चों ने मंच पर प्रस्तुति दी। इस बार कल्चर कैंप के बच्चों द्वारा भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा के मौके पर जगन्नाथ का प्राकट्य व उनके चमत्कारों पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण, भगवद गीता पर आधारित नैतिक शिक्षाओं, दिमाग की एकाग्रता बढ़ाना, ईंधन के बिना खाना बनाना, कीर्तन, पेंटिंग, वैदिक कुकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, थिएटर चित्रकला, श्लोक उच्चारण, वाद्ययंत्र, वैष्णव सदाचार आदि को बच्चों ने फन एंड गेम्स के साथ प्रस्तुत किया। मुख्य आकर्षण बच्चों की ओर से किया गया श्लोक वाचन, भजन व संकीर्तन, पालकी उत्सव और नृसिंह आरती रही। श्रीकृष्ण बलराम मंदिर अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि मंदिर के सांस्कृतिक शिक्षण विभाग द्वारा आयोजित गीता कांटेस्ट व कल्चर कैंप जैसे कार्यक्रम बच्चों के लिए आध्यात्मिक, मानसिक व शारीरिक प्रतिभा को उभारने के लिए हैं।

**जयपुर साहित्य सम्मान अलकंरण** | **45 लेखकों का उनकी रचनाओं के लिए किया सम्मान**

# पाठक संकट सहित साहित्यिक विषयों पर हुई चर्चा

बेधड़क | जयपुर

जयपुर साहित्य सम्मान अलकंरण समारोह का समापन रविवार को किया गया। इस दौरान लेखकों के सामने आ रहे पाठक संकट सहित अनेक साहित्यिक विषयों पर चर्चा हुई। समागम में देश भर से आए विभिन्न विधाओं के कुल 45 लेखकों को उनकी रचनाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में 5 लेखकों की नवीन पुस्तकों का साहित्यकार फारुख अफरीदी ने लोकार्पण किया। इस दौरान सम्मानित साहित्यकारों का अरविंद कुमारसंभव द्वारा लघु साक्षात्कार किया गया, जिसमें रचनाकारों ने पुरस्कृत रचना सहित सभी रचनाओं के बारे में बताया। समारोह में जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार व रंगकर्मी उपस्थित थे, जिनमें प्रबोध कुमार गोविल, फारुख अफरीदी, विजय मिश्र दानिश, सुधीर सक्सेना सुधी, हरदान हर्ष, सत्यदेव बारेठ, राजेश भटनागर, सुनीता बिश्नोलिया, शिवानी, प्रभा पारीक, नूतन गुप्ता आदि शामिल थे।





### इनका किया गया सम्मान

मधुर कुलश्रेष्ठ, नीलम कुलश्रेष्ठ, लता अग्रवाल, पूनम मनु, मुकेश सिन्हा, अश्वनी शांडिल्य, रामकिशोर उपाध्याय, रमेश आनंद, हरगोविंद मैथिल, उदय प्रताप, नीलिमा तिग्गा, अखिलेश पालरिया, पूजा अलापुरिया, दशरथ सोलंकी, भावना शर्मा, आर. एल दीपक, रमेश लक्षकार, सीमा राय, अनीता गंगाधर, कीर्ति श्रीवास्तव, हरीश आचार्य, राजकुमार निजात, नीलम राकेश, शील कौशिक, ओम प्रकाश क्षत्रिय, चेतना उपाध्याय, दीनदयाल शर्मा, ताराचंद मकसाने, सुशीला शर्मा, अलका अग्रवाल, प्रो. राजेश कुमार, विमला नागला, रामेश्वरी नादान, परी जोशी, संगीता सेठी, तरुण कुमार दधीच, सुधीर आजाद, रोचिका अरुण, देशबंधु शाहजहांपुरी, कुसुम अग्रवाल, सुशील सरित, अजय राणा को सम्मानित किया गया। समारोह व पुरस्कारों की व्यवस्था दीवान कृष्ण गोपाल माथुर बहरोड़ परिवार मंडल की ओर से की गई। सभी आगंतुक साहित्यकारों को बहरोड़ परिवार मंडल की ट्रस्टी शीला माथुर, रोमा माथुर, नीलकमल माथुर की ओर से विशेष स्मृति चिह्न दिए गए। इस अवसर पर जयपुर साहित्य संगीति के पदाधिकारियों रामदयाल, देवेंद्र गुप्ता व मुकेश मीणा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।





## जायरीन ने खाना-ए-काबा में की इबादत

*__मक्का।__ हज के लिए दुनिया भर से सऊदी अरब पहुंचे ज़ायरीन ने मीना रवाना होने से पहले मक्का स्थित मस्जिद हल हराम (खाना-ए-खाका) में इबादत की। हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। जायरीन ने इस्लाम के सबसे मुकद्दस (पवित्र) स्थल खाना-ए-काबा का 'तवाफ' (परिक्रमा) किया। काबा के पास भूतल पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी की वजह से अन्य को ऊपरी मंजिलों पर जाना पड़ा और उन्हें 'तवाफ' के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ी। जायरीन ने 'तवाफ' के दौरान दुआएं मांगने के लिए अपने हाथ उठाए और अपने फोन से सेल्फी तथा वीडियो भी बनाए। इसके बाद उन्होंने हाजरा की तरह दो पहाड़ियों के बीच चक्कर लगाए। हाजरा ने अपने बेटे (पैगंबर) इस्माइल के लिए पानी की तलाश में इन दो पहाड़ियों के बीच कई चक्कर लगाए थे। इस कहानी का मुस्लिम, ईसाई और यहूदी परंपराओं में अलग-अलग तरीके से उल्लेख किया गया है। हज के लिए जायरीन को 'एहराम' (सफेद रंग का बिना सिला पकड़ा) पहनना होता है। महिलाओं को अपना शरीर और बालों को ढकना होता है।*



### लंदन में 'यंग लीडर्स फोरम' मंच

# 'ब्रिटेन-भारत सप्ताह 2023' की शुरुआत

**एजेंसी** | लंदन

लंदन में 'यंग लीडर्स फोरम' के साथ ही 'ब्रिटेन-भारत सप्ताह 2023' की शुरुआत हो गई। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई, गायक-गीतकार अरमान मलिक, लंदन के बिजनेस डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल और भारत तथा ब्रिटेन के प्रमुख उद्यमी और पेशेवर 'यंग लीडर्स फोरम' के लिए एक मंच पर आए।

'भविष्य के परिवर्तनकर्ताओं का सशक्तीकरण' विषय पर आधारित छह दिनों के कार्यक्रम के दौरान सहयोग के सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों का पता लगाने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों, नीति निर्माताओं और प्रमुख कारोबारियों को एक साथ लाने के लिए ब्रिटेन मुख्यालय वाले 'इंडिया ग्लोबल फोरम' (आईजीएफ) द्वारा इस वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लंदन स्थित नेहरू केंद्र में छात्रों के नेतृत्व वाली सभा में भारतीय लोकतंत्र के बारे में पश्चिमी मीडिया की धारणाओं और भारतीय प्रवासियों के लिए दोहरी नागरिकता की संभावनाओं से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) परिदृश्य में रोजगार के अवसरों तक के विषयों को शामिल किया गया। पश्चिमी देशों में भारतीय लोकतंत्र की धारणाओं से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में अन्नामलाई ने कहा कि लोकतंत्र हमारे डीएनए में गहराई से समाया हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति, भारतीय तरीके से चलती है, पश्चिमी नजरिये से मूल्यांकन करना स्वाभाविक रूप से असफल होगा ... अगर किसी को भारत में विरोध प्रदर्शन करना है, तो वे नौ महीने के लिए राजमार्ग को अवरुद्ध कर सकते हैं। हमारा लोकतंत्र कितना गहरा है। हम अपने प्रदर्शनकारियों को ऐसा करने देते हैं, यहां तक कि ब्रिटेन भी ऐसा नहीं करता है।

### वैगनर चीफ ने लड़ाकों को पीछे हटने का दिया आदेश

# रूस के खिलाफ वैगनर आर्मी का विद्रोह खत्म

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्ता को चुनौती देने वाले वैगनर ग्रुप की बगावत नाकाम हो गई है। वैगनर का यह विद्रोह भले ही पुतिन को कमजोर करने के मकसद से रहा हो, मगर हुआ तो इसका उलटा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बगावत का पुतिन को सीधे तौर पर लाभ मिलने वाला है। रूसी राष्ट्रपति इसे देश की एकता के लिए खतरा बताकर आम जनता के बीच अपनी पकड़ और मजबूत कर सकते हैं। वैगनर की बगावत के चलते रूसी नागरिक पुतिन के पीछे और मजबूती से एकजुट हो जाएंगे, जिससे देश में उनकी लोकप्रियता पहले से ज्यादा बढ़ने वाली है। इस स्थिति में पुतिन राजनीतिक तौर पर पहले से कहीं ज्यादा ताकतवर हो जाएंगे।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में दो दशकों से अधिक समय के कार्यकाल को सबसे बड़ी चुनौती देते हुए 'वैगनर ग्रुप' के प्रमुख येवगेनी प्रीगोझिन ने अपने लड़ाको को मॉस्को की तरफ कूच करने का आदेश दिया था। हालांकि प्रीगोझिन ने अचानक क्रेमलिन के साथ समझौते के बाद निर्वासन में जाने और पीछे हटने की घोषणा कर दी। प्रीगोझिन के हालांकि रविवार सुबह तक बेलारूस पहुंचने की कोई खबर नहीं मिली।





### रूस की कमजोरियां भी हुई उजागर

संक्षिप्त विद्रोह ने रूसी सरकारी बलों के बीच कमजोरियों को उजागर कर दिया। येवगेनी प्रीगोझिन की कमान के तहत वैगनर समूह के सैनिक रूसी शहर रोस्तोव-ऑन-डॉन में निर्बाध रूप घुसने और मॉस्को की ओर सैकड़ों किलोमीटर आगे बढ़ने में सक्षम थे। राष्ट्रपति के 2 दशक से अधिक समय के कार्यकाल में यह उनके समक्ष पेश आई सबसे बड़ी चुनौती बन गई। पुतिन ने शनिवार को राष्ट्र के नाम दिए संबोधन में वैगनर के सशस्त्र विद्रोह को विश्वासघात और राजद्रोह करार दिया था। मगर, प्रीगोझिन ने अपने लड़ाकों के मॉस्को से करीब 200 किमी की दूरी पर होने पर उन्हें वापस भेजने का फैसला किया, ताकि रूसी लोगों का खून न बहे।

### रूसी राजनयिक पहुंचे चीन

**ताइपे (ताइवान)।** 'वैगनर ग्रुप' का विद्रोह असफल होने के एक दिन बाद रविवार को रूस के शीर्ष राजनयिक आंद्रेई रूडेन्को चीन सरकार से बातचीत के लिए बीजिंग पहुंचे। रूसी उप विदेश मंत्री रूडेन्को ने चीनी विदेश मंत्री छिन कांग से मुलाकात कर साझा हितों वाले मुद्दों पर चर्चा की। रूस और चीन औपचारिक सहयोगी नहीं हैं, लेकिन यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से ही मास्को से बीजिंग करीबी संबंध कायम रखे हुए है।

### टल गया गृहयुद्ध का खतरा

रूस में गृहयुद्ध और तख्तापलट का खतरा टल गया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ बगावत करने वाले निजी सेना 'वैगनर' के प्रमुख येवगेनी वी. प्रिगोझिन ने अपने लड़ाकों को वापस लौटने का आदेश दिया है। यूक्रेन के खिलाफ रूसी सेना के साथ मिलकर लड़ने वाले प्रिगोझिन ने अचानक विद्रोह का बिगुल फूंक दिया था। रूस के दक्षिणी सैन्य मुख्यालय पर कब्जा करने के बाद प्रिगोझिन ने शनिवार तड़के अपने लड़ाकों को मॉस्को की तरफ भेज दिया था।

### कोई अभियोग नहीं चलाया जाएगा: रूस

रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए सत्ता में दो दशकों से अधिक समय की सबसे बड़ी चुनौती उस समय समाप्त हो गई जब अपने सैनिकों को मॉस्को की तरफ कूच करने का आदेश देने वाले निजी सेना 'वैगनर ग्रुप' के कमांडर ने अचानक क्रेमलिन के साथ समझौते के बाद निर्वासन में जाने और पीछे हटने की घोषणा कर दी। वहीं रूस ने कहा कि सरकार के खिलाफ बागी तेवर अपनाने वाली 'वैगनर ग्रुप' के प्रमुख येवगेनी प्रीगोझिन और उनके लड़ाकों पर कोई अभियोग नहीं चलाया जाएगा।

### नागरिक रक्षा संगठन 'व्हाइट हेलमेट्स' ने कहा- हमले में 30 लोग भी हुए घायल

# सीरिया में हवाई हमला, नौ लोगों ने तोड़ा दम

**एजेंसी** | जिस्र अश-शुगूर (सीरिया)



सीरिया के उत्तर-पश्चिमी हिस्से स्थित एक व्यस्त सब्जी बाजार में रविवार तड़के किए गए एक हवाई हमले में नौ लोगों की मौत हो गई।

सामाजिक कार्यकर्ताओं और बचाव कर्मियों ने यह जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ताओं और ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संगठन 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने बताया कि सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद के शीर्ष सहयोगी रूस ने तुर्की की सीमा के समीप विरोधियों के कब्जे वाले जिस्र अश-शुगूर में हवाई हमला किया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब एक दिन पहले ही निजी सेना ने रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ कुछ देर के लिए सशस्त्र विद्रोह कर दिया था। विरोधियों के कब्जे वाले उत्तर पश्चिमी सीरिया के नागरिक रक्षा संगठन 'व्हाइट हेलमेट्स' ने कहा है कि इस हमले में 30 से अधिक लोग घायल हुए है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। व्हाइट हेलमेट्स के अहमद यजीजी ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि गंभीर रूप से घायल लोग अस्पताल में दम तोड़ रहे हैं। यह मुख्य सब्जी बाजार में लक्षित हमला था जहां उत्तरी सीरिया के नजदीकी क्षेत्रों से किसान एकत्रित होते हैं।






### सैन्य तानाशाही युग का क्रूर इतिहास

# 'मौत की उड़ान' वापस लौटी अर्जेंटीना

**एजेंसी** | ब्यूनस आयर्स

फ्लोरिडा (अमेरिका) और ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) के बीच की उड़ान औसतन 10 घंटे में पूरी होती है, लेकिन शनिवार को अर्जेंटीना में उतरा टर्बोप्रॉप कोई साधारण विमान नहीं था। यह 20 दिन से इस यात्रा पर था और अर्जेंटीना के हजारों नागरिक 'फ्लाइट ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर' के जरिये लगातार इसकी उड़ान पर नजर बनाए हुए थे। 'शॉर्ट एससी.7 स्काईवैन' में न तो कोई अति विशिष्ट व्यक्ति (वीआईपी) सवार था, ना ही इससे कोई अहम सामान ले जाया जा रहा था। लेकिन, देश के लोगों के लिए इसका महत्व कुछ और ही है, यह विमान अर्जेंटीना के लोगों को 1976-1983 के सैन्य तानाशाही युग के क्रूर इतिहास की याद दिलाएगा।




### म्यूजियम ऑफ मेमोरी में रखा जाएगा विमान

अमेरिका में मिला यह विमान पहला ऐसा विमान है, जिसके अर्जेंटीना के जुंटा शासन द्वारा राजनीतिक बंदियों को आसमान से समुद्र या नदी में गिराकर मारने के लिए इस्तेमाल किए जाने की अदालत में पुष्टि हुई है। अर्जेंटीना की सरकार इस विमान को 'म्यूजियम ऑफ मेमोरी' में रखेगी। ईएसएमए के नाम से जाना जाने वाला यह संग्रहालय उस स्थान पर बनाया गया है, जो कभी जुंटा शासन का सबसे कुख्यात हिरासत केंद्र हुआ करता था। ईएसएमए में कई राजनीतिक बंदियों को रखा गया था, जिन्हें बाद में 'मौत की उड़ान' के जरिये गहरे समुद्र या नदी में जिंदा गिरा दिया जाता था।

### अचानक गायब हुआ था बेटा

अजुसेना विलाफ्लोर अमेरिका से अर्जेंटीना लौटे विमान के पीड़ितों में शामिल थीं, जिनका बेटा नेस्तोर अचानक लापता हो गया था। माना जाता है कि अर्जेंटीना में तानाशाही युग की शुरुआत के दौरान उसे 'मौत की उड़ान' से गिराकर मार डाला गया था। बेटे के लापता होने के बाद विलाफ्लोर ने 'मदर्स ऑफ प्लाजा डि मेयो' नाम के एक समूह की स्थापना की थी। बाद में विलाफ्लोर को भी हिरासत में लेकर उन्हें मार दिया गया था। विलाफ्लोर की बेटी सेसिला डि विंसेटी ने से कहा कि पीड़ित परिजनों के रूप में हमारे लिए बहुत जरूरी है कि यह विमान इतिहास का हिस्सा बने।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl